वर्ष- 13 अंक - 271
लखनऊ, बुधवार 3 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





महिला को पीटने में तीन भाइयों पर मुकदमा दर्ज 10

जनता को हर हाल में मिले निर्बाध बिजली: शर्मा 03


# ईरान अब बंद कर सकता है 'बाब अल-मंदेब'

## तेहरान की धमकी पर वाशिंगटन निश्चिंत

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की अब 'बाब अल-मंदेब जमडमरूमध्य' को बंद करने की धमकी से मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया/मिडिल ईस्ट) में जारी तनाव और बढ़ गया है। ईरान के इस रुख से होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से पहले से परेशान दुनिया पर नई गाज गिरने का अंदेशा है। ईरान ने एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाले में गेंद उछाल दी है। उसने कहा कि अगर इजराइल-लेबनान के बीच ट्रंप युद्ध नहीं रुकवाते, तो वह होर्मुज के बाद दूसरे सबसे बड़े रणनीतिक समुद्री मार्ग बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य को बाधित करने से पीछे नहीं हटेगा। इस सबसे निश्चिंत ट्रंप ने कहा कि मध्यस्थ वार्ताकारों के माध्मय से ईरान के साथ वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है। अगले सप्ताह तक समझौता घोषित कर दिया जाएगा। इसके साथ लंबे समय से बाधित होर्मुज सभी देशों के जहाजों के लिए खुल जाएगा। अल जजीरा, सीबीएस न्यूज, ईरान इंटरनेशनल, इरना और एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ईरान की ताजा धमकी ने मिडिल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। अगर बाब अल-मंदेब को बाधित कर दिया जाता है तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति शृंखला पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। बाब अल- मंदेब संकरा लेकिन वैश्विक व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। यह लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है। यह यमन, जिबूती और इरिट्रिया के बीच स्थित है। स्वेज नहर के जरिए एशिया और यूरोप को जोड़ता है। अभी इस जलमार्ग से प्रतिदिन हजारों मालवाहक जहाज गुजरते हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि भारत, चीन, जापान जैसे एशियाई देशों के मैन्युफैक्चरिंग हब से यूरोप जाने वाला बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यह समुद्री जलमार्ग केवल व्यापारिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है। ऊर्जा आपूर्ति में भी इसकी अहम भूमिका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोजाना लाखों बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इस मार्ग से गुजरता है। कतर सहित खाड़ी देशों से निकलने वाली एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) की बड़ी आपूर्ति यूरोप और अन्य देशों तक पहुंचती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भारी दबाव पड़ सकता है। अगर ईरान इसको बाधित करता है तो जहाजों को अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा।



अगले हफ्ते समझौते के साथ होर्मुज खुलने की उम्मीद : ट्रंप

### अमेरिका और इजराइल लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते आ रहे हैं: अब्बास अराघची

इस धमकी के बाद ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजराइल लगातार संघर्ष विराम (युद्ध विराम/सीज फायर) का उल्लंघन करते आ रहे हैं। एक जगह इसका उल्लंघन होना सभी मोर्चों पर माना जाना चाहिए। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी ) ने एक जवाबी कार्रवाई में दुश्मन के एक कार्गो शिप को निशाना बनाने का दावा किया है। आईआरजीसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पनामा के झंडे वाले एमएससी सरिस्का पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। यह कार्रवाई ओमान सागर में ईरानी जहाज लियान स्टार पर 30 मई को हुए अमेरिकी हमले का बदला लेने के लिए की गई। इस बीच, ईरान के सेंट्रल मिलिट्री कमांड खतम अल–अनबिया के उप प्रमुख मोहम्मद जफर असदी ने कहा, 'अमेरिका हमसे पूरी तरह सरेंडर करने की मांग करता है। अमेरिका यह समझ ले कि ईरान कभी सरेंडर नहीं करेगा। भले ही इसके लिए युद्ध ही क्यों न करना पड़े।' असदी ने दावा किया कि दोनों देशों के बीच बातचीत रुक गई है।

# दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति माशातिले ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात



दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई देने पर सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलस माशातिले ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों को और मजबूत बनाने, व्यापार बढ़ाने तथा वैश्विक दक्षिण के हितों को आगे बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु ने भारत की पहली यात्रा पर आए माशातिले का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के संबंध ऐतिहासिक और समकालीन दोनों दृष्टियों से विशेष महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि साझा मूल्यों और पारस्परिक सम्मान पर आधारित दोनों देशों की बहुआयामी साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। वर्ष 1997 में दक्षिण अफ्रीका पहला देश था, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी स्थापित की थी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका हमेशा वैश्विक दक्षिण की मजबूत आवाज रहे हैं। दोनों देशों का उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष का साझा इतिहास रहा है। संयुक्त राष्ट्र, गुटनिरपेक्ष आंदोलन और जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देश न केवल अपने नागरिकों बल्कि व्यापक वैश्विक दक्षिण के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने दोनों देशों के बीच लगभग 15.5 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसकी संभावनाएं इससे कहीं अधिक हैं। उन्होंने दोनों देशों की कंपनियों के लिए निवेश और कारोबारी गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु अनुकूल नीतिगत वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका के साथ अपनी साझेदारी को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के शीघ्र आयोजन के लिए अफ्रीकी संघ आयोग के साथ मिलकर कार्य करेगा। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच घनिष्ठ सहयोग से दोनों देशों के लोगों को व्यापक लाभ मिलेगा तथा वैश्विक दक्षिण के हितों को और मजबूती मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई अध्यक्ष और सचिव का तबादला अनियमितताओं की जांच के लिए समिति का गठन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से जुड़े हाल के विवादित घटनाक्रम पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव का तबादला कर दिया है। साथ ही कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है जो ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद की जांच करेगी। सूत्रों के अनुसार सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया गया है। वहीं एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस राधा चौहान की एक जांच समिति का गठन किया गया है। उन्हें एक माह के अंदर प्रोक्योरमेंट (खरीद) की जांच कर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को रिपोर्ट सौंपनी है। ओएसएम सीबीएसई की नई ऑन-स्क्रीन मार्किंग डिजिटल प्रणाली है, जिसको इसी साल कक्षा 12 की परीक्षाओं के लिए शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य उत्तर पुस्तिकाओं का ऑनलाइन स्कैन और मूल्यांकन कर दक्षता में सुधार लाना था। हालांकि धुंधली स्कैनिंग, बेमेल शीट, गायब पृष्ठ और कम अंक जैसी खामियों से यह प्रणाली विवाद का केंद्र बन गई। छात्रों की शिकायतों, पोर्टल संबंधी समस्याओं और कथित तौर पर नियमों में बदलाव से चलते टीसीएस के बजाय विक्रेता 'कोएम्ट' का चुना जाना जन आक्रोश और राजनीतिक का कारण बना। सीबीएसई ने मामले में अपनी गलती स्वीकारी, हजारों शीटों को दोबारा स्कैन करना पड़ा।


### सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म पर भेजा कानूनी नोटिस

**एजेंसी, मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने फिल्म 'काला हिरण' को लेकर कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को कानूनी नोटिस भेजा है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म सलमान से जुड़े चर्चित काले हिरण शिकार मामले पर आधारित है। सलमान की कानूनी टीम का दावा है कि फिल्म उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा सकती है और राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामले को भी प्रभावित कर सकती है। नोटिस के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। सलमान खान के वकीलों ने फिल्म से जुड़ी सभी गतिविधियों को तत्काल रोकने की मांग की है। साथ ही अक्षय पांडे से बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है।

नोटिस में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के प्रचार-प्रसार में सलमान खान के नाम और छवि का उपयोग उनकी अनुमति के बिना किया गया है। कानूनी टीम का कहना है कि यह कदम अभिनेता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला है।

# हर जरूरतमंद को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ: योगी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पढ़ाई व विवाह से लेकर निराश्रितों व बुजुर्गों की पेंशन तक, समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। सीएम योगी मंगलवार को जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।



जनता दर्शन में लोगों की सुनी बात, अफसरों को दिए समाधान के निर्देश

अधिकारी जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जौनपुर से आई एक महिला ने एक एनजीओ पर फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जांच की मांग की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले में जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दीं। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा भी की। उन्होंने स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाई।

### अब सिविल सेवा का सपना होगा साकार, आईएएस और पीसीएस की कोचिंग फ्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में अवसर दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क आईएएस,पीसीएस कोचिंग योजना युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है। सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में लाखों रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ी चुनौती होती है। योगी सरकार की नि:शुल्क कोचिंग योजना इन युवाओं के लिए राहत लेकर आई है। निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में आईएएस पीसीएस कोचिंग के लिए 865 सीटें हैं। 25 प्रतिशत सीटें ऐसे छात्र–छात्राओं के लिए आरक्षित हैं जो लेटरल एंट्री के माध्यम से प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। उन अभ्यर्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक चरण में सफलता प्राप्त कर ली है और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।1 जून तक 5513 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि 2848 अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए फाइनल लॉक किया है। इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून तक आवेदन कर सकते हैं इसके बाद 5 जुलाई को परीक्षा होगी। बड़ी संख्या में युवा अवसर का लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं।

### वडोदरा के वरिष्ठ भाजपा विधायक योगेश पटेल का निधन, 8 बार रहे विधायक

**एजेंसी, वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले की मांजलपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और विधायक योगेशभाई नारायणदास पटेल का आज मंगलवार को निधन हो गया। वह पिछले एक सप्ताह से एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन थे। वे लंबे समय से हृदय एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। योगेश पटेल के निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रभावशाली जननेता के रूप में थी पहचान योगेश पटेल वडोदरा की राजनीति में एक मजबूत और प्रभावशाली नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने वर्षों तक रावपुरा और मांजलपुर क्षेत्र की जनता की सेवा की तथा वडोदरा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से गुजरात की राजनीति ने एक अनुभवी और जनप्रिय नेता को खो दिया है। उन्हें 8 बार विधायक बनने का गौरव हासिल था। वे वर्ष 1990 में जनता पार्टी के टिकट पर पहली बार विधायक निर्वाचित हुए।

## ट्विशा शर्मा मौत मामला: पति समर्थ और सास गिरिबाला सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

सीबीआई ने नहीं मांगी रिमांड

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश की चर्चित अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को सीबीआई ने 5 दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने पर दोनों आरोपितों पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को भोपाल की सीजेएम विशेष अदालत में पेश किया। जहां अदालत ने उन्हें 16 जून तक न्यायिक हिरासत में भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। दरअसल, सोमवार को सीन रीक्रिएशन के बाद आज मंगलवार को सीबीआई ने 5 दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने पर पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को भोपाल की सीजेएम विशेष अदालत में पेश किया। सीबीआई की ओर से आगे की पुलिस रिमांड न मांगे जाने पर न्यायालय ने दोनों आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत के तहत 16 जून तक भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। सुरक्षा कारणों के मद्देनजर दोनों को जेल में अन्य सामान्य कैदियों से अलग बैरक में रखा जाएगा।



## गांधी परिवार के विश्वास और मार्गदर्शन ने मेरी राजनीतिक यात्रा को दिशा दी : डी.के. शिवकुमार

अपने राजनीतिक जीवन के विभिन्न पड़ावों को किया याद

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के मनोनीत मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गांधी परिवार के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके राजनीतिक जीवन की यात्रा में गांधी परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी रही है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने केवल राजनीतिक नेतृत्व ही नहीं दिया, बल्कि विभिन्न चरणों में उन पर भरोसा जताकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक विस्तृत भावनात्मक संदेश में डी.के. शिवकुमार ने अपने राजनीतिक



जीवन के विभिन्न पड़ावों को याद करते हुए गांधी परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर राज्य के नेतृत्व की जिम्मेदारी तक पहुंचने की उनकी यात्रा में गांधी परिवार का विश्वास और सहयोग हमेशा उनके साथ रहा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद करते हुए शिवकुमार ने कहा कि वे उन पहले नेताओं में शामिल थे जिन्होंने एक युवा कार्यकर्ता के रूप में उनकी क्षमता को पहचाना। उन्होंने कहा कि जब वह स्वयं अपनी संभावनाओं को पूरी तरह नहीं समझ पाए थे, तब राजीव गांधी ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का प्रोत्साहन उनके लिए आत्मविश्वास का आधार बना और उसी विश्वास ने उन्हें बड़े सपने देखने तथा जनसेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा दी। शिवकुमार के अनुसार, महान नेता वही होते हैं जो दूसरों की क्षमता को पहचानकर उन्हें अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने का अवसर देते हैं और राजीव गांधी ने उनके जीवन में यही भूमिका निभाई। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में उन्होंने कहा कि उनसे उन्होंने नेतृत्व का एक महत्वपूर्ण पाठ सीखा। सच्चा नेतृत्व केवल सफलता के क्षणों में साथ खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास और समर्थन बनाए रखना उसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन के चुनौतीपूर्ण दौर में सोनिया गांधी ने उन पर लगातार भरोसा बनाए रखा और उनका मनोबल बढ़ाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सराहना करते हुए शिवकुमार ने कहा कि राहुल गांधी निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने की उनकी क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समावेशी भारत की उनकी सोच अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती है।

### नहीं बदले जायेंगे सीयूजी नंबर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सचिवालय प्रशासन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सीयूजी नंबर अब नहीं बदले जायेंगे। वर्तमान में चल रहे वोडाफोन कंपनी के पुराने नंबरों को बीएसएनएल में पोर्ट कराया जायेगा। जबकि पूर्व में सीयूजी नंबर बदलने का आदेश सचिवालय प्रशासन द्वारा दिया गया था। अगले दिन 27 मई को नये सिम विधानसभा के गेट नंबर 9 पर बने मुख्य स्वागत अधिकारी कार्यालय में आ गये थे जिसका वितरण भी आरंभ हो गया था। मुख्य स्वागत अधिकारी गंधर्व सिंह ने बताया कि कई अनुभाग के कर्मचारी नये सिम ले भी जा चुके हैं, जिन्हें वापस मंगा लिया जायेगा। इसमें नंबर बदलने को लेकर यहां के कर्मचारी संगठन असहज थे।

## धोखाधड़ी के आरोप में ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स के चार प्रमोटरों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों और निवेशकों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (ईआईएल) के चार प्रमोटरों और निदेशकों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अवदेश कुमार गोयल, रजनीश मित्तल, अतुल गुप्ता और विकास गुप्ता को एक जून को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गिरफ्तार किया। विशेष पीएमएलए अदालत, दिल्ली ने सभी आरोपितों को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी के अनुसार, जांच की शुरुआत दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज पांच प्राथमिकी के आधार पर की गई थी। इसके अलावा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने भी अर्थ समूह के प्रमोटरों और निदेशकों के खिलाफ कंपनी अधिनियम की धारा 447 के तहत आपराधिक शिकायत दायर की है। जांच में सामने आया कि अर्थ समूह ने आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयों का समय पर कब्जा देने तथा सुनिश्चित रिटर्न का वादा कर 19,425 से अधिक घर खरीदारों और निवेशकों से लगभग 2,004 करोड़ रुपये जुटाए। ईडी का आरोप है कि इनमें से करीब 467 करोड़ रुपये विभिन्न समूह कंपनियों, संबद्ध संस्थाओं और व्यक्तियों के माध्यम से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिए गए। एजेंसी के अनुसार, खरीदारों से बड़ी राशि प्राप्त होने के बावजूद कई परियोजनाएं अधूरी छोड़ दी गई या फिर खरीदारों को इकाइयों का कब्जा नहीं दिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। जांच में यह भी पाया गया कि अपराध से अर्जित धन के एक हिस्से का उपयोग प्रमोटरों और उनसे जुड़े व्यक्तियों तथा संस्थाओं के नाम पर चल और अचल संपत्तियां खरीदने में किया गया। ईडी ने बताया कि अप्रैल 2026 में दिल्ली-एनसीआर स्थित अर्थ समूह से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

मानसून की रफ़्तार तेज — भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर

## उत्तर और मध्य भारत को जल्द मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

एजेंसी, नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे मध्य और उत्तर भारत में जल्द ही तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में भी बुधवार को तेज हवाओं और गरज के साथ हल्की बारिश का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को तेज हवाओं और गरज के साथ हल्की वर्षा होने के आसार हैं। हवाओं की गति 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37-39 डिग्री सेल्सियस और 26-28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। 4 जून को भी यही स्थिति रहने का अनुमान है। इस दिन 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है, बाद में हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटा हो सकती है। यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37-39 डिग्री सेल्सियस और 27-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, 5 जून को सुबह से दोपहर से पहले के समय के बीच तेज हवाएं चलने और गरज के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान है। हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटा बढ़कर 60 किमी प्रति घंटा तक चल सकती है। फिर रात में भी हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36-38 डिग्री सेल्सियस और 27-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 48 घंटों के भीतर यानी 4 जून तक साल दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई हिस्सों में आगे बढ़ जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों ने कई क्षेत्रों में मानसून के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इनमें अरब सागर और द्वीप समूह (दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ और हिस्से, साथ ही लक्षद्वीप द्वीप समूह), दक्षिण भारत (केरल के कुछ और हिस्से और तमिलनाडु के कई इलाके) और बंगाल की खाड़ी (दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के बचे हुए हिस्से) में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले 6-7 दिनों के दौरान केरल में कुछ जगहों पर 7-20 सेमी भारी वर्षा होने के आसार हैं। इसके अलावा तमिलनाडु तथा कर्नाटक में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस सप्ताह के कई दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत तथा दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

# योगी सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त

## जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से अभियान चला रहा है परिवहन विभाग

- अनाधिकृत बसों पर भी कसी जा रही लगाम, कई माल वाहन सीज



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार सड़क पर लोगों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने और नागरिकों में जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से अभियान चलाए जा रहे हैं। परिवहन विभाग ने अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया और महज 7 दिन में बड़े स्तर पर कार्रवाई की। परिवहन विभाग के अनुसार, प्रदेश में विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान वाहन नियमों का पालन न करने पर 20 से 26 मई तक 57,186 चालान किए गए। वहीं 2,669 वाहनों को सीज किया। सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट और सीट बेल्ट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। इन दोनों बिंदुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। अभियान के दौरान 23,758 हेलमेट न लगाने वालों के चालान किए गए। 9,083 लोगों के सीट बेल्ट न लगाने पर चालान काटे गए। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग दुर्घटना की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है। इसको देखते हुए जागरूकता और चेतावनी देने के लिए ड्राइविंग के दौरान मोबाइल उपयोग करने वाले 3,676 लोगों पर कार्रवाई की गई।विभाग ने सड़क हादसों को रोकने के लिए अनाधिकृत बसों पर कार्रवाई की। ऐसी 1,502 बसों का चालान काटा और 400 से अधिक को सीज किया गया। माल वाहनों में सवारी ढोने पर 1 हजार से अधिक चालान किए गए। 91 वाहनों को सीज किया। अभियान के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरलोडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।

### कुपोषण पर वारः पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नई पीढ़ी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती दे रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफअपनी लड़ाई को भी और मजबूत बना रही है विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर टिकी होती है।पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या पर भड़कीं मायावती



- दोषियों के खिलाफ सरकार करे कठोर कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या पर दुख जताते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मायावती ने सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी निवासी राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल (17) की हत्या को अत्यंत दुःखद और चिंताजनक बताया है। उन्होंने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा है कि बदमाशों द्वारा की गई यह हत्या समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मायावती ने जोर दिया कि त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी। गौरतलब है कि सोमवार को अनुष्का पाल की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में एक फास्ट फूड विक्रेता को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर करीब डेढ़ माह बाद नाले से शव बरामद किया है। शव की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने सोमवार को बताया कि जांच के दौरान कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला कि अनुष्का की आखिरी गतिविधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं। आरोपी मूल रूप से देहरादून का निवासी है और घटना के बाद चंडीगढ़ चला गया था। वहीं से पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार अनुष्का कंकरखेड़ा क्षेत्र में किराये पर रहकर पढ़ाई और कबड्डी का अभ्यास कर रही थी।

## खबरें एक नजर में

### सिराथू से पल्लवी का चुनाव लड़ना तय

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक दल हर सीट पर चुनावी समीकरण सेट करने पर जुटे हैं। क्षेत्रीय दल सबसे आगे हैं। अपना दल कमेरावादी के नेताओ से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी की प्रमुख नेता पल्लवी पटेल का सिराथू से चुनाव लड़ना तय है। इस सीट पर पल्लवी पटेल ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हराया था। स्थिति में यह तय है कि अपना दल (क) समाजवादी पार्टी के साथ 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पार्टी की तरफ से उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग और पटेल बाहुल्य सीटों पर अपने नेताओं से जनसंपर्क और चुनावी तैयारी के लिए कहा गया है। सिराथू सीट से एक बार फिर से अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल चुनाव के मैदान में होंगी। सिराथू सीट पर पार्टी का फोकस है और इस बार भी पार्टी की सबसे प्रमुख नेता पल्लवी पटेल ही चुनावी मैदान में होंगी। वाराणसी की दो विधानसभा सीटों पर भी अपना दल (क) ने चुनाव लड़ने की तैयारी की है। विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू से ही पल्लवी पटेल ने भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हराया था। ये सीट सियासी लिहाज से और भी ज्यादा अहम हो जाती है।पार्टी का कहना है कि अभी तक की स्थिति के अनुसार समाजवादी पार्टी कांग्रेस और अपना दल (क) के गठबंधन में चुनाव लड़ा जाएगा।2022 विधानसभा चुनाव में वाराणसी की दो सीटों पर अपना दल (क) ने सपा गठबंधन के साथ प्रत्याशी उतारा था. जिसमें पिंडरा और रोहनिया विधानसभा था, इस बार कांग्रेस पार्टी की तरफ से अजय राय का पिंडरा विधानसभा से चुनाव लड़ना लगभग तय हैं। अपना दल क पटेल बाहुल्य सीट रोहनियां, और अजगरा विधानसभा सीट पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी में जुटी है। 2024 लोकसभा चुनाव में जिन विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी को कम वोट मिले हैं वहां अपना दल (क) अपने प्रत्याशी को उतारने का दावा कर रही है। गठबंधन के प्रमुख नेताओं की तरफ से ही आने वाले दिनों में फाइनल मुहर लगाया जाएगा।

### ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोर लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात सोमवार रात से मंगलवार सुबह के बीच की बताई जा रही है। चोर दुकान से करीब 10 किलोग्राम चांदी के आभूषण, 200 ग्राम सोने के गहने और लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कमलापुर गांव निवासी मनोज कुमार की बिजनौर-बंथरा रोड पर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर-3 के सामने लक्ष्मी ज्वेलर्स नाम से दुकान है। मनोज कुमार ने बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें दुकान का शटर खुला होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मनोज दुकान पर पहुंचे और देखा कि दुकान से सारा सामान और नकदी गायब थी। उनके अनुसार, चोर करीब 10 किलोग्राम चांदी का सामान, 200 ग्राम सोने के गहने और दुकान में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद ले गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के लिए कुछ नमूने एकत्र किए हैं। बिजनौर के कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी के मुताबिक, शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि ज्वेलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए हैं। पुलिस आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा पशु से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक मौत

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक आवारा पशु से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चाचा को मृत घोषित कर दिया। भतीजे का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार, शुभम चौरसिया (30) मूल रूप से बाराबंकी के लोनीकटरा क्षेत्र के निवासी थे। वह लखनऊ के हजरतगंज स्थित डालीबाग में किराये के मकान में अपने भतीजे अंकुल के साथ रहते थे और सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि शुभम सोमवार को अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से बाराबंकी स्थित घर गए थे। मंगलवार सुबह दोनों वापस लखनऊ लौट रहे थे। गोसाईंगंज क्षेत्र में गुमटी नंबर-5 के पास अचानक उनकी बाइक सड़क पर आए एक आवारा पशु से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# यूपी में अब 10 फीसदी महंगी नहीं होगी बिजली

- नियामक आयोग ने गैर कानूनी बताकर भेजा नोटिस



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन द्वारा बिजली बिलों में 10 फीसदी ईंधन अधिभार यानि फ्यूल सरचार्ज लगाए जाने के फैसले को पूरी तरह गैर-कानूनी करार दिया है। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को कड़ी फटकार लगाते हुए सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। आयोग के रुख के बाद अब यह साफमाना जा रहा है कि जून महीने में उपभोक्ताओं से 10 फीसदी अतिरिक्त बिजली बिल की वसूली नहीं की जा सकेगी। पावर कॉरपोरेशन ने मार्च के ईंधन अधिभार के रूप में उपभोक्ताओं से 10 फीसदी अतिरिक्त वसूली का आदेश जारी किया था। जून महीने में आने वाले बिजली बिलों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी तय मानी जा रही थी।इस फैसले के पीछे कॉरपोरेशन की बड़ी चालाकी सामने आई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात की। उन्होंने आयोग के समक्ष एक श्लोक महत्व प्रस्तावश् दाखिल कर कॉरपोरेशन के इस गणित की पोल खोल दी। प्रस्ताव में बताया गया कि कॉरपोरेशन ने मार्च की बिजली खरीद लागत के साथ 1,400 करोड़ रुपये के अपने पुराने बकाये दावों और पुरानी देनदारियों को भी इस ईंधन अधिभार में जोड़ दिया है, जो पूरी तरह नियमों के खिलाफहै। विद्युत नियामक आयोग ने तुरंत पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी किया। आयोग ने कहा कि कॉरपोरेशन की पिछली देनदारियों को वर्तमान गणना में शामिल करने से सीधे तौर पर उपभोक्ताओं पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ता है। पुरानी अवधि के बकाये को वर्तमान फ्यूल पावर पर्चेज एडजस्टमेंट सरचार्ज की गणना में शामिल करना विनियम 16.1 के प्रावधानों के तहत पूरी तरह असंगत और गलत है। ऐसे में इस अधिभार को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। आयोग ने कॉरपोरेशन को निर्देश दिया है कि वह सात दिन में जवाब दाखिल करे और वर्तमान व पहले की बिजली खरीद लागत के साथ-साथ ट्रांसमिशन शुल्क का पूरा विवरण पेश करे। पावर कॉरपोरेशन से सात दिनों के भीतर जवाब मिलने के बाद नियामक आयोग इस मामले में अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। जून के बिलों में 10 फीसदी बढ़ोतरी का खतरा टल चुका है। उपभोक्ताओं को अब वास्तविक बिजली खपत के अनुसार बिल का भुगतान करना होगा।

# 12 साल के लड़के को डंपर ने रौंदा, मौत ड्राइवर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस बुला ली। पहुंची पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल मानस को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मानस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। उसके चालक सरोजनी नगर के मीरानपुर पिनवट के रहने वाले महेंद्र रावत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं।

# योगी राज में गाय को देखकर कांप रहे कसाईः धर्मपाल सिंह



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया है कि गाय हमारी माता है, कोई पशु नहीं, इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की सोच ही खराब है। गाय की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर यूपी सरकार का रुख स्पष्ट है। यूपी के पशुपालन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने अब गाय के मुद्दे पर विपक्षी दल सपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि, सपा सरकार में कसाई को देखकर गाय कांपती थी, लेकिन आज गाय को देखकर कसाई कांप रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब कसाई खुद ये मांग उठा रहे हैं कि, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। पशुपालन मंत्री के मुताबिक, राज्य में करीब 7500 गौशालाएं हैं-इनमें 1.4 लाख गाय रखी गई हैं। सपा सरकार में जहां गायों के चारे के लिए 30 रुपये मिलते थे, वहां अब 50 रुपये दिए जा रहे हैं। सपा सरकार में हालत ये थी कि, व्यक्ति खुद तो बाहर सोता था, लेकिन पशुओं की रखवाली ताला लगाकर करता था। आज देख लीजिए। कसाई खुद ये मांग उठा रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-प्रदेश को साफ संकेत दिया है। गाय पूरे राष्ट्र की माताएं हैं। पशु नहीं जो राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। गाय की सुरक्षा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकता में है और उसी पर काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में बकरीद के बाजार से कुछ तस्वीरें सामने आईं। बकरों के साथ लोग गायों को भी बेचने पहुंचे थे। चूंकि बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही सख्ती के साथ गौ-वध पर प्रतिबंधित लागू कर दिया गया। मुस्लिम सजा के लोगों ने गाय खरीदने से इनकार कर दिया। तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो इस पर बहस छिड़ गई। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवाज उठाई। इस तर्क के साथ कि देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को पवित्र और मां के समान मानती है। इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाए। इससे गोकशी के नाम पर होने वाली हिंसा भी थम जाएगी। सोशल मीडिया पर तेज हुई मांग जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की तरफ से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाए जाने के बाद ये मामला सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। एक बड़ा वर्ग इसके समर्थन में आवाज उठाने लग गया। पिछले कई दिनों से गाय के मुद्दे पर छिड़ी बहस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिजनौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ किया कि गाय को हम माता मानते हैं।

# सिटी ट्रांसपोर्ट के संविदा परिचालकों का प्रदर्शन, निजी फर्म में समायोजन का विरोध

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



निजी फर्म में समायोजन के विरोध में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में तैनात सैकड़ों संविदा परिचालकों ने मंगलवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे परिचालकों का आरोप है कि उन्हें परिवहन विभाग से हटाकर निजी कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में समायोजन किया जा रहा है। इसके विरोध में संविदा परिचालकों ने जमकर नारबाजी की। इसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। संविदा परिचालकों का कहना है कि उनकी भर्ती साल 2021 में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एलसीटीएसएज) में संविदा पर की गई थी और पिछले करीब पांच सालों से वे नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में उन्हें सूचना दी गई कि उनका समायोजन निजी कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में किया जा रहा है। साथ ही संविदा परिचालकों से आवश्यक अभिलेख जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रदर्शन कर रहे संविदा परिचालकों का कहना है कि वे लंबे समय से बिना किसी अवरोध के दिन-रात बस चलाकर सेवा दे रहे हैं। कोरोना महामारी के समय भी सेवाएं जारी रखीं, त्योहारों पर एक्स्ट्रा ड्यूटी की, लेकिन आज उन्हें बिना किसी सुरक्षा के निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इससे उनकी नौकरी की स्थिरता, वेतन संरचना, पेंशन, मेडिकल सुविधा और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर सीधा असर पड़ेगा। संविदा परिचालकों की मांग है कि उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटी) या परिवहन विभाग में समायोजित किया जाए। अगर विभाग में परिचालकों की आवश्यकता है तो नई भर्ती करने के बजाय वर्तमान में कार्यरत संविदा कर्मियों को ही स्थानांतरण देकर सेवाएं जारी रखी जाएं। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार और परिवहन मंत्री से हस्तक्षेप कर उनके समायोजन के आदेश को निरस्त करने और उनकी सेवाएं पूर्ववत जारी रखने की मांग की है।

# जनता को हर हाल में मिले निर्बाध बिजलीः शर्मा

- संविदाकर्मियों को न निकालने का निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न हुई विद्युत बाधाओं के निस्तारण तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विद्युत वितरण निगमों डिस्कॉम के कार्यों का डिस्कॉमवार मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को जनहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने प्रबंध निदेशकों एमडी से आंधी-तूफान के कारण उत्पन्न समस्याओं, विद्युत अवसंरचना को हुए नुकसान तथा उनके निस्तारण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सभी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी विद्युत बाधा उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए।बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। सिद्धार्थनगर से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों की शिकायतों की उपेक्षा न हो। श्री शर्मा ने संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी संविदाकर्मी को बिना उचित कारण नौकरी से न निकाला जाए। विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में संविदाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। विधायक निधि से प्रस्तावित विद्युत विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। यूपीपीसीएल के एमडी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

### खेत में मिला युवक का शव, परिजनों ने मामा पर हत्या की आशंका जताई

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** इटौंजा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक युवक का शव खेत में मिला। मृतक की पहचान इंद्रपुरी कॉलोनी, माड़ियाव निवासी 22 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। और उसके मामा ब्रजेश पर संदेह जताया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

**सराहनीय** — संगीत नाटक अकादमी और सुभारती विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन

# सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुचाना जरूरीः जयवीर

- दोनों संस्थाएं समन्वय कर प्रदेश की लोक कला व सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी
- विलुप्त होती जा रही लोक-कलाओं को भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना है

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्थान तथा युवा पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रबंध निदेशक पर्यटन विकास निगम के निदेशक आशीष कुमार की उपस्थिति में संगीत नाटक अकादमी और स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के मध्य आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। दोनों संस्थाएं समन्वय कर प्रदेश की लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। पर्यटन भवन सभागार में संपन्न समझौता ज्ञापन पर दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किया और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने जयवीर सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के साथ पूर्व में 4 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जा चुके है। नाटक अकादमी तथा स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मिलकर प्रदेश की कला, संस्कृति, शैक्षणिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगे। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती जा रही लोककलाओं को भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना है ताकि वे अपने विरासत पर गर्व कर सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा सहित फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के डीन प्रो. पिन्टू मिश्रा और परफॉर्मिंग आर्ट्स की एचओडी प्रो. भावना ग्रोवर सहित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, माननीय उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर एवं पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह सहित अकादमी के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। संगीत नाटक अकादमी विभिन्न संस्थानों के प्रयासों और सहयोग से, राज्य की कला और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर के प्रख्यात कलाकारों और उभरती प्रतिभाओं के विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है। संस्कृति विभाग का मुख्य उद्देश्य शास्त्रीय, लोक संगीत, नृत्य और नाट्य परंपराओं को बढ़ावा देना है।दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश भी इसी दृष्टिकोण को साझा करता है और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों तथा समाज के बीच इन कला रूपों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने लिया चार्ज

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त प्रभारी निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण और सुदृढ़ बनाने, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।



## विराट और वैभव

भले ही फटाफट क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाला आईपीएल बाजार और नई पीढ़ी के जुनून का संगम हो, लेकिन लोकप्रियता के नये आयाम तय करता यह खेल अब दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों की पहली पसंद बन गया है। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे चमकीले सितारे बनकर उभरे टी-20 सनसनी वैभव सूर्यवंशी। महज पंद्रह साल की उम्र में उनकी कामयाबी हैरत में डालने वाली है। वहीं अनुभवी क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने खास अंदाज में सबका ध्यान आकर्षित किया। इस 37 वर्षीय दिग्गज क्रिकेटर ने फाइनल में तूफानी अर्धशतक लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को लगातार दूसरी बार ट्रॉफी दिलाई। दो महीने तक चले इस टूर्नामेंट में कोहली की फॉर्म और फिटनेस शानदार रही है। यही वजह है कि वर्ष 2027 एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में उनकी भागीदारी अब लगभग तय लग रही है। खुद कोहली ने इस बात को स्वीकार किया है कि उन्हें अपनी मनोस्थिति में बदलाव लाने और युवा खिलाड़ियों से थोड़ा सीखने की जरूरत थी, ताकि वे टी-20 क्रिकेट में अपने खेल को नये सिरे से निखार सकें। यह सुखद ही है कि इस दिग्गज क्रिकेटर की यह ईमानदार स्वीकारोक्ति भारतीय क्रिकेट को आकार दे रही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की खूबसूरत बानगी को ही दर्शाती है। निस्संदेह, हाल ही में संपन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग सीजन ने साफदिखाया कि दो पीढ़ियों के क्रिकेटर कैसे एक-दूसरे के पूरक भी हो सकते हैं। वास्तव में, विराट कोहली आज भी एक प्रभावशाली खिलाड़ी की छवि को बनाये हुए हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी जैसे उदीयमान खिलाड़ी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस फटाफट क्रिकेट में खेल का निरंतर विकास होता रहेगा। यह सुखद ही है कि राजस्थान रॉयल्स के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्यवंशी ने अधिकांश पुरस्कार अपने नाम किए हैं। मसलन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइक ऑफद सीजन, ऑरेंज कैप विजेता और सुपर सिक्स ऑफद सीजन जैसे खिताब हासिल किए। इसमें दो राय नहीं कि वैभव सूर्यवंशी के क्रिकेट के वैभव ने आज पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। क्रिकेट की दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर इस उदीयमान खिलाड़ी के क्रिकेट के कारनामों से हतप्रभ हैं। वे वैभव को आशीष व अनुभव दे रहे हैं। यहां तक कि सचिन तेंदुलकर ने उसे अपना स्वाभाविक क्रिकेट खेलने की सलाह तक दी है। इतना ही नहीं, भारत के चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान में भी वैभव को पूरा लाड मिल रहा है। पूरे पाकिस्तान में उसकी खेल तकनीक की खूब चर्चा होती है। निस्संदेह, उसकी निडर बल्लेबाजी और उल्लेखनीय रूप से निरंतर खेलना, क्रिकेट के छोटे प्रारूप के प्रति नई पीढ़ी के साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, उनकी प्रतिभा को लगातार अभ्यास से हासिल व कुछ लोगों द्वारा नैसर्गिक प्रतिभा कहा जा रहा है, लेकिन चर्चा उनकी इतनी कम उम्र में हासिल परिपक्वता को लेकर भी है। सही मायने में दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की सूर्यवंशी की क्षमता ठीक उसी गुण को दर्शाती है,जिसने वर्षों तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

# यूपी में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण व वन्यजीव सुरक्षा की दिशा में व्यापक पहल

*रवि यादव*

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन एवं जैव विविधता के संरक्षण हेतु निरंतर व्यापक एवं अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं। वृक्षारोपण अभियान, आर्द्र भूमि संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा तथा नवीन तकनीकों के उपयोग से वृक्षावरण/वनावरण बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण अभियान की तैयारियाँ भी तेज कर दी गई है। विभागीय पौधशालाओं में 52.46 करोड़ पौधों की उपलब्धता है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने में कृषकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कृषकों को वृक्षारोपण से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी जा रही है। कार्बन फाइनेंसिंग के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि के प्रति जागरूक किया जाता है। कृषि भूमि पर स्थानीय जलवायु एवं मृदा के अनुरूप जामुन, महुआ, आंवला, चिरौंजी, आम आदि उपयोगी एवं आर्थिक दृष्टि से लाभकारी प्रजातियों के पौधे रोपित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही तालाबों एवं जलस्रोतों के किनारे छायादार तथा फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में विगत नौ वर्षों में प्रदेशवासियों के सहयोग तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में 243 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश की 27,000 ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया, इससे ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में पहली बार वन क्षेत्र के बाहर हरीतिमा बढ़ाने एवं कृषकों की आय में वृद्धि कार्बन क्रेडिट की धनराशि वितरित किये जाने जैसे अभिनव प्रयास भी किये गये हैं। प्रदेश सरकार के इन सतत प्रयासों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेस के सकारात्मक परिणाम स्वरूप भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून द्वारा प्रकाशित 'स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट-2023' के अनुसार वर्ष 2015 से 2023 के मध्य उत्तर प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण में लगभग 3.38 लाख एकड़ क्षेत्र की वृद्धि दर्ज की गयी है। यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता एवं जनसहभागिता आधारित कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आर्द्र भूमि संरक्षण के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहा है। प्रदेश में अब तक 12 रामसर साइट घोषित हो चुकी हैं, जिसके साथ उत्तर प्रदेश देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुका है। प्रदेश की अन्य अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वेटलैण्ड्स की पहचान कर उन्हें रामसर साइट घोषित करवाने हेतु प्रस्ताव भी बनाये जा रहें है। प्रदेश के आर्द्र भूमि, जैव विविधता संरक्षण,



जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वन विभाग द्वारा इनके संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। नवीन योजनाओं के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया है। प्रदेश में वन बल आधुनिकीकरण हेतु एक नई योजना स्वीकृत की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत आधुनिक तकनीक, निगरानी प्रणाली एवं संसाधनों के माध्यम से वन एवं वन्यजीव संरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वन विभाग द्वारा विभिन्न जनपदों में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं। मेरठ, महराजगंज, चित्रकूट एवं पीलीभीत में चार वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर निर्माणाधीन है। इन रेस्क्यू सेंटरों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने से यहाँ घायल अथवा रेस्क्यू किये गये वन्यजीवों का समयबद्ध उपचार एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जायेगा। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जनसहभागिता एवं व्यापक जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनाने तथा संघर्ष की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। वन अग्नि जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों भी की जा रही है। वन अग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु आधुनिक उपकरणों, त्वरित सूचना प्रणाली तथा स्थानीय स्तर पर सतर्कता समितियों को सक्रिय किया गया है। आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं नियंत्रण कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास, वन्यजीव सुरक्षा एवं जनसहभागिता आधारित सतत् विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। वृक्षारोपण, आर्द्र भूमि संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, कार्बन क्रेडिट, ग्रीन चौपाल एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग जैसे अभिनव प्रयास प्रदेश को हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों के माध्यम से उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ करेगा।


# महिला सशक्तिकरण से सामाजिक विकास को सशक्त कर रहा कानपुर देहात

महिला सशक्तिकरण किसी भी प्रगतिशील समाज का मूल आधार होता है और जब महिलाएं आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से सुदृढ़ होती हैं, तभी एक समृद्ध एवं संतुलित समाज का निर्माण संभव हो पाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनपद कानपुर देहात में महिला कल्याण विभाग द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओं एवं बालिकाओं के जीवन स्तर में सुधार लाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जनपद में इन योजनाओं के अंतर्गत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सीधे लाभान्वित किया गया है, जो प्रशासनिक कार्यकुशलता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता को रेखांकित करता है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जिला प्रशासन ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप धरातल पर व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। जनपद कानपुर देहात में संचालित योजनाओं में सबसे प्रमुख निराश्रित महिला पेंशन योजना की बात करें तो यह योजना उन महिलाओं के लिए एक जीवनरेखा के समान सिद्ध हो रही है, जो आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर हैं और जिनके पास जीविकोपार्जन का कोई स्थायी साधन नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जनपद कानपुर देहात में इस योजना के अंतर्गत कुल 35,945 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। लाभार्थी महिलाओं की यह संख्या दर्शाती है कि बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने जीवन को आर्थिक रूप से सुरक्षित बना रही हैं। इस योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार न केवल नियमित आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि समाज की वृद्ध, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का एक वास्तविक अवसर भी दे रही है। इस आर्थिक संबल से महिलाओं की दूसरों पर निर्भरता कम हुई है और वे स्वावलंबन की ओर अग्रसर हुई हैं। इसी कड़ी में दूसरी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना है, जिसका मूल उद्देश्य बालिकाओं के जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा हेतु उनके स्नातक होने तक आर्थिक सहायता प्रदान करना है। जनपद कानपुर देहात में इस योजना के अंतर्गत अब तक 3,342 बालिकाओं को सीधे लाभान्वित किया जा चुका है। यह योजना बालिका भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा बालिकाओं के प्रति समाज की रूढ़िवादी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध हुई है। इस योजना के तहत विभिन्न चरणों में बालिकाओं को कुल 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो उनके पोषण, शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य पर सीधा सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। इसके परिणामस्वरूप जनपद में बालिकाओं की शिक्षा दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है और वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। जनपद में कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे और किसी कारणवश अपने अभिभावकों से वंचित हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। कानपुर देहात में इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,370 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। यह योजना समाज के सबसे कमजोर और संवेदनशील वर्ग के बच्चों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से ऐसे बच्चों को शिक्षा, पोषण एवं समुचित देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे उनका भविष्य पूरी तरह सुरक्षित हो सके। इन तीनों प्रमुख योजनाओं के आंकड़े यह प्रमाणित करते हैं कि जनपद में महिला कल्याण विभाग की सक्रियता से और प्रशासन की तत्परता से अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर समीक्षा बैठकों का आयोजन कर योजनाओं की प्रगति की निरंतर निगरानी की जाती है तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार किया गया है, जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर स्वरोजगार तक के लिए विशेष पहल शामिल हैं। इसी उद्देश्य से 'मिशन शक्ति' जैसा एक व्यापक अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है।

विचार

# पर्यटन पर नयी बहस शुरू, शर्मिंदगी का पर्यटन

बीते दिनों कुछ ऐसी खबरें देखने और सुनने मिली हैं, जिनसे पर्यटन पर नयी बहस शुरु होने की गुंजाइश बनी है। पर्यटन की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। साधु, संत, फकीर एक स्थान से दूसरे स्थान जाकर जीवन के अनुभवों और नैतिकता के ज्ञान से लोगों को समृद्ध करते थे। उन्हें भोजन-पानी की तकलीफ न हो, इसका ख्याल समाज का संपन्न तबका कर लेता था। धार्मिक पर्यटन भी पुराने जमाने के लोग खूब किया करते थे और तमाम तकलीफें उठाकर अपने आराध्य के दर्शन के लिए जाते थे। इन साधुओं, फकीरों और श्रद्धालुओं के लिए आज भी देश में जगह-जगह धर्मशालाएं और सरायें बनी हुई हैं। लेखक-पत्रकार भी नयी खबर, नयी रचना की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान जाते थे और उदार मन, खुले दिल-दिमाग के साथ समाज के नए पहलुओं से परिचित होते थे। नौकरी या कारोबार के सिलसिले में भी लोगों को देशाटन करना पड़ता था। वक्त के साथ पर्यटन को बाकायदा उद्योग में बदल दिया गया है। अब लोग केवल यह तय करते हैं कि उन्हें कहां घूमने जाना है, बाकी सारा इंतजाम पर्यटन क्षेत्र में काम कर रही कंपनियां कर देती हैं। होटल की बुकिंग से लेकर दर्शनीय स्थलों की सैर और खरीदारी तक सब जिम्मा कंपनी के लोगों का होता है। यात्रियों को केवल इन सुविधाओं का भुगतान करना होता है। इस सब में कोई बुराई नहीं है, बल्कि अच्छी बात है कि रोजगार का एक नया आयाम खुला है। लेकिन इतनी सुविधाओं के बावजूद विचारणीय पहलू यह है कि क्या पर्यटन का असली मकसद पूरा हो पा रहा है। अर्थात क्या हम नयी जगहों, नयी संस्कृतियों को देखने-समझने का नजरिया विकसित कर रहे हैं या फिर महज सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने के लिए घूम रहे हैं। तस्वीरें खिंचवाने में भी कोई समस्या नहीं है,



क्योंकि आखिर को यह भी आपकी यादों की धरोहर ही बनेगी। लेकिन इसमें क्या हम यानी भारतीय ऐसी उच्छृंखलता का परिचय दे रहे हैं, जिससे दुनिया को हम पर उंगली उठाने का मौका मिल रहा है, यह भी सोचने की बात है। दरअसल कुछ दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है, जिसमें वियतनाम के एयरपोर्ट पर विमान के पास ही भारतीय पर्यटकों का एक समूह उत्साह से गरबा करता दिख रहा है। इस समूह में स्त्री-पुरुष-बच्चे सब हैं। पास में खड़े वियतनामी कर्मचारी और अन्य लोग हैरानी से इस समूह को देख रहे हैं। गरबा करने वाले समूह को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि ये लोग गुजरात से आए होंगे। कुछ समय पहले दुबई के प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा में भी यात्री दल के गरबा करने का वीडियो सामने आया था। वियतनाम वाला वीडियो चर्चा में आने के बाद और भी ऐसे कई वीडियो सामने आए, जिसमें कहीं द ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के सामने गरबा हो रहा है, कहीं नियाग्रा जलप्रपात के सामने। ऐसे ही वियतनाम में सुप्रसिद्ध ट्रेन स्ट्रीट पर कुछ यात्रियों ने छैंय्या छैंय्या गीत पर नृत्य करते हुए वीडियो बनाया। बता दें कि यह ट्रेन स्ट्रीट इसलिए प्रसिद्ध है क्योंकि यहां घर और दुकानें ट्रेन की पटरी के एकदम करीब हैं और जब ट्रेन आती है, तो लोग वहां से हट जाते हैं। लेकिन इस जगह पर रहने वालों ने शायद ही कभी सोचा होगा कि अब ट्रेन स्ट्रीट का नाम इस तरह से भी चर्चा में आएगा। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर डालने वाली युवती ने लिखा भी कि अगर ट्रेन स्ट्रीट आए और छैंय्यां-छैंय्यां गाने पर डांस न किया तो क्या ही घूमना हुआ। इस वाक्य से ही आज के संपन्न पर्यटकों की मानसिकता समझी जा सकती है, जिनके लिए विदेश घूमने में भी महत्वपूर्ण एक नए देश के आचार-विचार, रहन-सहन को देखना-समझना नहीं है, बल्कि वायरल हो सके, ऐसी रील बनाना है। गरबा हो या कोई और नृत्य, उनके लिए नृत्यशालाएं हैं, क्लब्स हैं या सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच उपलब्ध हैं। पर्व-त्यौहारों पर भी अपने उत्साह को प्रकट करने के लिए सड़क से लेकर मैदान तक नृत्य करने की छूट देश में मिली ही हुई है। फिर किसलिए हम विदेश जाकर भारतीय संस्कृति के नाम पर ऐसे नृत्य करते हैं, यह बात अब भारतीय पर्यटकों को सोचनी चाहिए। क्या इससे देश का नाम खराब नहीं होता है। प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में अक्सर उपदेशात्मक बातें लोगों से कहते हैं, तो क्यों न अगली बार वे पर्यटकों को समझदारी से घूमने की सलाह दें ताकि लोग भारतीयों पर सवाल न उठाएं। दरअसल भारतीय कारोबारी हर्ष गोयनका ने 2019 में स्विट्जरलैंड के एक होटल का नोटिस शेयर किया था, जिसमें श्भारत से आए प्रिय मेहमानोंश् को संबोधित करते हुए कहा गया था कि बुफे का खाना साथ न ले जाएं, दिए गए कटलरी का ही उपयोग करें और गलियारे तथा बालकनी में शोर न मचाएं। श्री गोयनका ने उस वक्त लिखा था कि, श्यह नोटिस पढ़कर मन में गुस्सा आया, अपमान हुआ और विरोध करने का मन किया। लेकिन फिर एहसास हुआ कि हम पर्यटक के रूप में शोरगुल करने वाले, असभ्य और सांस्कृतिक रूप से असंवेदनशील हैं। अभी वियतनाम वाले वीडियो के बाद फिर से इसी नोटिस को हर्ष गोयनका ने शेयर करते हुए ऐसी ही कुछ और घटनाओं की याद दिलाई है, जिनसे भारतीय पर्यटकों के व्यवहार पर शर्मिंदगी महसूस होती है। विदेश के साथ-साथ देश में भी पर्यटन स्थलों का हाल यात्रियों के बेलगाम व्यवहार और सरकारों की अकर्मण्यता के कारण बुरा हो चुका है। बीते कई दिनों से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, लद्दाख आदि पहाड़ी राज्यों से खबरें आ रही हैं कि पहाड़ों पर कई-कई किलोमीटर का लंबा जाम लगा हुआ है। कायदे से पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रियों को सीमित संख्या में आने की ही अनुमति होनी चाहिए। और नियमों का पालन बेहद कड़ाई से होना चाहिए ताकि प्राकृतिक व्यवस्था बनी रही। लोगों की बेतहाशा भीड़ से नाजुक पहाड़ी स्थलों पर कितना दबाव बढ़ चुका है, इसका पता तब चलता है जब केदारनाथ जैसे हादसे होते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऑल वेदर रोड बनाने, पहाड़ों को काटकर होटल बनाने और एडवेंचर टूरिज्म के नाम पर प्रकृति से खिलवाड़ की जो छूट मिली है, वो हर हाल में बंद होनी चाहिए। पर्यटन उद्योग बेशक खूब बढ़े, पर इसमें ये न हो कि कुछ सालों में दर्शनीय स्थल कूड़े घर जैसे बन जाएं।


साहित्य



## राजघाट से शांतिवन: कौन शामिल होते हैं सर्वधर्म प्रार्थना सभा में

**विवेक शुक्ला**

भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर 27 मई को सुबह उनकी समाधि शांतिवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इससे पहले ही वहां विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, विद्वान और श्रद्धालु वहां पहुंचने लगे थे। इनमें अधिकांश वे चेहरे थे जो गांधी समाधि राजघाट पर 2 अक्टूबर और 30 जनवरी को भी नियमित रूप से दिखाई देते हैं। ये सभी अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों से प्रार्थना के दौरान पाठ करते हैं। गत दो-ढाई दशकों से शांतिवन और राजघाट पर बाइबिल का पाठ करने वाले जॉर्ज सोलोमन तुर्कमान गेट स्थित ट्रिनिटी चर्च में पादरी हैं। वे दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल की प्रबंधन समिति से भी जुड़े हैं। वे कहते हैं, 'भारत में सरकारी स्तर पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि यह देश सबका है।



# राशिफल

**मेष:**- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ:**-रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन:**-वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्क:**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्यों को समय से पूर्ण करें।

**सिंह:**-नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:**- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:**-निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा।

**वृश्चिक:**-नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनु:**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:**- मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणरखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:**- महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:**-नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# परीक्षाओं में गड़बड़ियां मोदी सरकार के आर्थिक प्रगति के दावों पर एक दुखद टिप्पणी

*के. रवींद्रन*

भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का वादा, मोदी सरकार के राजनीतिक संदेशों का एक सबसे लगातार दोहराया जाने वाला विषय बन गया है। इसे राष्ट्रीय पुनरुत्थान के सुबूत के तौर पर पेश किया जाता है। एक चुनावी नारे के तौर पर इसमें जाहिर तौर पर आकर्षण है। लेकिन राष्ट्रीय प्रगति की असली कसौटी, अर्थव्यवस्था का कुल आकार नहीं है। असली कसौटी यह है कि क्या सरकार निष्पक्ष रूप से काम करती है, क्या सार्वजनिक संस्थानों पर लोगों का भरोसा है, और क्या नियमों की गैर-मौजूदगी में सजा पाने के बजाय युवा नियमों द्वारा सुरक्षित महसूस करते हैं? यही कारण है कि परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद, प्रशासनिक विफलता से कहीं ज्यादा गहरी चीज पर चोट करते हैं। वे राष्ट्रीय उपलब्धि की बयानबाजी और उन लाखों परिवारों के वास्तविक जीवन के अनुभव के बीच के अंतर को उजागर करते हैं, जो अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सार्वजनिक व्यवस्थाओं पर निर्भर हैं। जिस देश में शिक्षा सामाजिक गतिशीलता की मुख्य सीढ़ी बनी हुई है, वहां परीक्षा महज एक जांच नहीं है। यह अक्सर वर्षों के त्याग की परिणति होती है। माता-पिता अपनी संपत्ति बेच देते हैं, छात्र अत्यधिक मानसिक तनाव झेलते हैं, परिवार शहर बदल लेते हैं, कोचिंग सेंटर घर की जमा-पूंजी खा जाते हैं, और किशोरों पर ऐसी उम्मीदों का बोझ डाल दिया जाता है, जो कई वयस्कों को भी दबा दें। जब ऐसी परीक्षाओं की पवित्रता पर आंच आती है, तो इसका नुकसान सिर्फ मार्कशीट या दाखिले तक ही सीमित नहीं रहता। यह नागरिक और सरकार के बीच हुए नैतिक समझौते पर एक हमला होता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) इस टूटन का प्रतीक बन गई है। इसका उद्देश्य उच्च-दांव वाली परीक्षाओं में मानकीकरण, दक्षता और विश्वसनीयता लाना था। इसके बजाय, इसे बार-बार विवादों के केंद्र में धकेल दिया गया है। इसे न्यायिक जांच, जनता के गुस्से और छात्रों के बीच भरोसे में भारी कमी का सामना करना पड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय की तीखी टिप्पणियों ने उसी बात को जाहिर किया है, जो कई परिवार पहले से ही महसूस कर रहे थे कि जिस संस्था पर युवा नागरिकों के भविष्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह लापरवाही, अपारदर्शिता या बचाव की मुद्रा वाले नौकरशाही रवैये के साथ काम नहीं कर सकती। जब उम्मीदवार और माता-पिता निराशा में डूब जाते हैं, जब अनिश्चितता हफ्तों तक खिंचती रहती है, जब पेपर लीक और गड़बड़ियों के आरोपों का जवाब पहले इनकार से दिया जाता है और बाद में डैमेज कंट्रोल (नुकसान की भरपाई) से, तो विश्वसनीयता को हुए नुकसान की भरपाई करना मुश्किल हो जाता है। बड़ा मुद्दा यह नहीं है कि क्या टेक्नालॉजी लाई जा सकती है, क्या परीक्षाओं को डिजिटल फॉर्मेट में बदला जा सकता है, या क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल को और ज्यादा विस्तृत बनाया जा सकता है? ये जरूरी सुधार हो सकते हैं, लेकिन ये ईमानदारी का विकल्प नहीं हैं। एक भ्रष्ट कागजी प्रक्रिया की जगह एक भ्रष्ट डिजिटल प्रक्रिया ले सकती है। एक दोषपूर्ण मानवीय श्रृंखला की जगह एक दोषपूर्ण तकनीकी श्रृंखला ले सकती है। अगर सिस्टम को डिजाइन करने वाले, ठेका देने वाले, निगरानी करने वाले और ऑडिट करने वाले लोग जवाबदेह नहीं हैं, तो टेक्नालॉजी एक और ऐसी परत बन जाती है जिसके पीछे जिम्मेदारी छिप सकती है। भारत की शासन-प्रशासन से जुड़ी विफलताएं अक्सर नियमों के न होने की वजह से नहीं, बल्कि नियमों को चुनिंदा तरीके से तोड़ने-मरोड़ने, सुरक्षा उपायों को कमजोर करने, और सार्वजनिक संस्थानों को जनता के भरोसे का संरक्षक मानने के बजाय अपनी सुविधा का जरिया समझने की प्रवृत्ति से पैदा होती हैं।सीबीएसई विवाद इसी चिंता को और मजबूत करता है। पहली नजर में जो चीज परीक्षा के संचालन या मूल्यांकन में एक तकनीकी विफलता लगती है, उसे महज एक दुर्घटना कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, अगर फ़ैसलों की श्रृंखला कुछ ज्यादा ही सोची-समझी साजिश की ओर इशारा करती हो। जब कोई ठेका ऐसी कंपनी को मिलता है जिसे पहले ही ब्लैकलिस्ट किया जा चुका हो, और जब आरोप लगते हैं कि नियमों में इस तरह से बदलाव किए गए जिससे ऐसा नतीजा मुमकिन हो पाया, तो यह मामला महज अकुशलता का एक साधारण मामला नहीं रह जाता। यह संस्थागत धोखे का सवाल बन जाता है। क्या शिक्षा के क्षेत्र में सार्वजनिक खरीद एक ऐसी प्रक्रिया बनकर रह गई है, जहां पात्रता की शर्तों को ढीला किया जा सकता है, सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज किया जा सकता है, और नुकसान हो जाने के बाद जवाबदेही को खत्म किया जा सकता है? यह बात इसलिए मायने रखती है, क्योंकि परीक्षाएं उन कुछ जगहों में से एक हैं जहां आम नागरिकों को अब भी यह उम्मीद होती है कि पैसा, रसूख और पहुंच के ऊपर योग्यता की ही जीत होगी। इस स्तर पर शासन की गुणवत्ता के आधार पर ही इसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। सरकार के समर्थक यह तर्क दे सकते हैं कि भारत के विशाल आकार के कारण ऐसी असफलताओं से बचना मुश्किल है। भारत की परीक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे जटिल प्रणालियों में से एक है। लेकिन विशाल आकार को लापरवाही का बहाना नहीं बनाया जा सकता। बल्कि, विशाल आकार तो और भी अधिक कड़े सुरक्षा उपायों की मांग करता है, न कि कमजोर उपायों की। एक ऐसा देश जो उन्नत डिजिटल भुगतान प्रणालियां बना सकता है, बड़े पैमाने पर कल्याणकारी डेटाबेस लागू कर सकता है, और देशव्यापी राजनीतिक अभियानों का प्रबंधन कर सकता है, वह तब अपनी बेबसी का रोना नहीं रो सकता, जब छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो। प्रशासनिक जटिलता केवल चुनौती को स्पष्ट करती है यह असफलता का औचित्य सिद्ध नहीं करती। परीक्षाओं से जुड़े ये घोटाले शासन की राजनीतिक संस्कृति में एक परेशान करने वाला रूझान भी उजागर करते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दोहरे हादसे से हड़कंप

- चालक को आई झपकी बनी हादसों की वजह
- यूपीडा की गाड़ी पलटी सभी लोग सुरक्षित



**ठठिया/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह कुछ ही मिनटों के अंतराल में हुए दो सड़क हादसों से हड़कंप मच गया।

पहले एक कार अज्ञात वाहन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि राहत एवं बचाव कार्य के दौरान सड़क किनारे खड़ी यूपीडा की पेट्रोलिंग गाड़ी को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। दोनों हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार नारेपुरवा गांव के सामने नोएडा से लखनऊ जा रही कार संख्या डीएल-14 सीसी-3834 के चालक अभय पांडेय को वाहन चलाते समय नींद की झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में चालक के नाक में चोट आई, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पहले हादसे के बाद यूपीडा की टीम और एक्सप्रेस-वे पेट्रोलिंग कर्मी मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी पेट्रोलिंग गाड़ी संख्या यूपी-83 डीटी-6365 को लखनऊ से गाजियाबाद जा रहे कंटेनर संख्या एनएल-01 एएफ-9583 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि कंटेनर चालक पुष्पेंद्र कुमार को भी नींद आ गई थी, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पेट्रोलिंग वाहन पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय पेट्रोलिंग वाहन चालक नीलू यादव गाड़ी से दूर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कंटेनर चालक और सह चालक भी सुरक्षित रहे। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा और संबंधित एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों से लंबी यात्रा के दौरान पर्याप्त विश्राम करने और नींद महसूस होने पर वाहन रोककर आराम करने की अपील की है।

# छात्रा प्रदेश में रही अव्वल, सीएम ने किया सम्मानित

**संस्कृत बोर्ड परीक्षा**

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर की प्रतिभाशाली छात्रा ने संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में राधा देवी आदर्श संस्कृत इंटर कॉलेज की छात्रा ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सृष्टि दीक्षित को राजधानी में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बलराम त्रिपाठी को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, ज्ञान और परंपरा की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। सृष्टि दीक्षित की इस सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। प्रधानाचार्य बलराम त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## युवा उद्यमी योजना की सुस्त रफ्तार पर डीएम नाराज,दो फेलो का रोका वेतन

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं पीएम सूर्य घर और मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सीएम युवा फेलो रविकांत एवं सुनील वर्मा का वेतन रोकने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1700 लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है, जबकि अब तक केवल 107 आवेदन ही स्वीकृत हुए हैं। मई माह में मात्र 34 आवेदन स्वीकृत होने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र के अभाव में लंबित आवेदनों का प्रशिक्षण जल्द पूरा कराकर प्रमाण-पत्र बैंकों को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि ऋण स्वीकृति और वितरण में देरी न हो।

# केशव प्रसाद मौर्य से मिलीं प्रिया शाक्य




- जनपद की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा
- कन्नौज के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ लंबित जनसमस्याओं का शीघ्र होगा निराकरण

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमकार शाक्य ने लखनऊ में 7 कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान प्रिया शाक्य ने कन्नौज जनपद की विभिन्न प्रमुख समस्याओं एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। दोनों पक्षों के बीच इन समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रिया शाक्य ने कहा कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सकारात्मक मार्गदर्शन और जनकल्याण के प्रति उनकी संवेदनशीलता प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में जनपद कन्नौज के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ लंबित जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। मुलाकात में जनपद की विकास योजनाओं को तेजी देने और स्थानीय स्तर की चुनौतियों पर प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया।

## रोविन यादव ने किया आचार्य शास्त्री सीटू का सम्मान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला बलदेव में सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने आचार्य शास्त्री सीटू एवं उनके समस्त स्टॉफ को माला, शॉल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोविन यादव ने कहा कि भागवत कथा करवाना एवं सुनना सौभाग्य की बात है। इससे आपस में भाईचारा बढ़ता है तथा इससे यह सन्देश भी मिलता है कि बुराई कितनी भी बड़ी हो लेकिन एक दिन अच्छाई के सामने उसको हारना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती है बल्कि समाज में सद्भाव, एकता और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करती है। वर्तमान समय में ऐसे कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है जो लोगों को सकारात्मक दिशा दिखाएं।

इस दौरान शीलू यादव, सचिन यादव, अंशु यादव, सुनील यादव, विपिन यादव, दलजीत यादव, संजीव यादव, भजनलाल यादव, कल्लू यादव, विमल यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने आचार्य जी के प्रवचनों की सराहना की।

# अब तक चालू नहीं हुई पानी की टंकी



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे ने नगर में पेयजल संकट को लेकर नगरपालिका व प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक ओर विकास के बड़े-बड़े दावे और करोड़ों रुपये की योजनाओं का भूमि पूजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम जनता मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान है।

रंजीत पांडे ने बताया कि पश्चिमी बाईपास स्थित नहर निरीक्षण भवन परिसर में जल निगम द्वारा वर्ष 2014 में बनाई गई विशाल पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी है। इसे भरने के लिए बनाए गए 5 नलकूप भी बेकार पड़े हैं। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने पूछा कि 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी टंकी बंद क्यों है? इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने जलभराव हटाने के नाम पर चल रही नाला व पम्पिंग स्टेशन की नई योजनाओं पर भी शंका जताई। उन्होंने कहा कि कहीं तालाब का पानी सुखाकर आसपास की जमीनों और प्रॉपर्टी को फायदा पहुंचाने की तो तैयारी नहीं की जा रही है? उन्होंने कहा कि नगरवासियों को भाषण और भूमि पूजन नहीं, बल्कि नियमित पेयजल, पारदर्शिता और जवाबदेही चाहिए।

> तत्कालीन प्रदेश सरकार ने वर्ष 2014 में त्वरित पेय जल योजना के अंतर्गत 22 करोड़ रुपए स्वीकृत किया था। जल निगम (नगरीय) की निर्माण एजेंसी सीएनडीएस को इस योजना के तहत नहर निरीक्षण भवन परिसर में विशाल ओवरहेड टैंक, इसे भरने के लिए पांच नलकूप एवं 25 वॉर्डों के सभी मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य दिया गया था ओवरहेड टैंक लीकेज होने व प्रस्तावित 5 नलकूपों का निर्माण पूरा नहीं होने आदि समस्याओं को लेकर नगर पालिका ने इस योजना को हस्तांतरित नहीं करवाया। यदि यह योजना पूरी हो जाती तो आधे नगर की पेयजल समस्या हल हो जाती।
> – मनोज दूबे, नगर पालिका अध्यक्ष

## खबरें एक नजर में

### ईओ सुनील कुमार सिंह का हुआ ट्रांसफर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह का ट्रांसफर शासन ने 31 मई को नगरपालिका परिषद पुखराया के लिए कर दिया, जबकि वहां तैनात अधिशासी अधिकारी अजय कुमार को नगरपालिका परिषद छिबरामऊ का ईओ बनाया है।

### सनातन एकता के लिए चलेगा हस्ताक्षर अभियान



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सावरकर हेल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 15 जून को नगर गुरसहायगंज में 卐सनातन एकता पोस्टर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए समाज में एकता और जागरूकता का संदेश प्रसारित करना है। आयोजकों के अनुसार यह अभियान प्रातः 9 बजे से सायं 5बजे तक संचालित होगा, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के सनातन समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेकर पोस्टर पर हस्ताक्षर करेंगे और एकता का संकल्प लेंगे। फाउंडेशन द्वारा जारी संदेश में कहा गया है कि सनातन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के गौरव की रक्षा हेतु हम सभी की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इसी भावना के साथ सभी सनातनी भाइयों से अभियान में सहभागिता कर अपना समर्थन एवं हस्ताक्षर देने की अपील की गई है। संस्था का कहना है कि यह अभियान समाज में एकता, सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### सोलर प्लेट चोरी गैंग के दो आरोपी उपकरण सहित गिरफ्तार



**तिर्वा/कन्नौज।** सोलर प्लेट्स और उनके उपकरणों की चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि, तिर्वा इंदरगढ़ मार्ग पर नंदपुर की पुलिया के निकट चेकिंग अभियान के दौरान तिर्वा पुलिस को उपरोक्त गैंग के दो सदस्यों की पकड़ने में सफलता मिली है। पकड़े गए लोगों में 35 वर्षीय जयचंद्र उर्फ पिंटू पुत्र राजकुमार निवासी गांव खुशालीपुर्वा, हाल निवासी ग्राम बलनपुर तिर्वा और 30 वर्षीय सोनपाल उर्फ सोनू उर्फ बच्चा पुत्र बालकराम सविता निवासी ग्राम बलनपुर तिर्वा, बताए गए हैं।उपरोक्त युवकों के पास से पुलिस ने बिना नंबर की एक सोनेट कार, चार सोलर प्लेट, दो जोड़ी स्लीपर, एक लोहे का कटर, एक प्लास्टिक के कट्टे, करीब 350 मीटर एल्यूमीनियम बिजली तार, एक बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टर ट्राली, बरामद की है। मामले में पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, आरोपियों को जल्द जेल भेजा जाएगा।

### देश की सुरक्षा को तैनात जवान पहुंचा डीएम के दरबार

**कन्नौज।** देश की सुरक्षा में तैनात एक जवान ने अपनी जमीन को दबंग किस्म के लोगों से बचाने के लिए जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। बताते चलें कि,मंगलवार को जिले के थाना तालग्राम के सिलुआपुर गांव के रहने वाले सेना के जवान राहुल पाल जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिलाधिकारी के सामने पहुंचकर अपनी समस्या रखी। जवान का कहना था कि गांव में उनकी पैतृक जमीन पर कुछ दबंग किस्म के लोग कब्जा करने के साथ ही निर्माण कार्य करा रहे हैं। इतना ही नहीं इन दबंग किस्म के लोगों का विरोध करने पर उसे और परिवार को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रहीं हैं। उपरोक्त मामले मे जिलाधिकारी ने पीड़ित सैनिक और उनके परिजनों का मामला संज्ञान में लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल करवाते हुए न्याय का भरोसा दिया है।

# गृह नगर में हुआ बीएसएफ सेवानिवृत्त ओमप्रकाश त्रिवेदी का स्वागत

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



देश की सेवा में लगभग 39 वर्षों तक अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से सेवानिवृत्त होकर अपने गृह नगर पहुंचे ओमप्रकाश त्रिवेदी का परिजनों एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर पूरे गांव मतौली में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश त्रिवेदी वर्ष 1987 में सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभक्ति के लिए वे सदैव अपने साथियों और अधिकारियों के बीच सम्मानित रहे। मई 2026 में वे अपनी गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद जब वे अपने पैतृक गांव पहुंचे तो परिजनों, रिश्तेदारों तथा ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गांव के प्रवेश द्वार से लेकर उनके आवास तक स्वागत जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवाओं ने तिरंगा हाथों में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। महिलाओं ने आरती उतारकर उनका अभिनंदन किया तथा बुजुर्गों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। ग्रामवासियों ने कहा कि ओमप्रकाश त्रिवेदी ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा को समर्पित किया है। उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के लिए आगे आना चाहिए। ग्रामीणों ने उन्हें सम्मान स्वरूप माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भी भेंट किया। अपने स्वागत से अभिभूत ओमप्रकाश त्रिवेदी ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात रहते हुए हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और भविष्य में भी समाज एवं देश के लिए अपनी सेवाएं देते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पत्नी सरोज त्रिवेदी पुत्र हर्षित त्रिवेदी बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। गांववासियों ने सेवानिवृत्त जवान के सम्मान में मिठाइयां बांटीं और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। ओमप्रकाश त्रिवेदी के सम्मान में आयोजित यह स्वागत समारोह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा तथा लोगों ने इसे देश के वीर सपूत के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक बताया।

# बिजली आपूर्ति में सुधार से लोगों के खिले चेहरे

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर व ग्रामीण छेत्र मे भीषण गर्मी के बीच गर्मी व फसलों की राहत के लिए लगभग 20 से 22 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। लगातार बेहतर हो रही बिजली व्यवस्था से किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम जनमानस को लाभ पहुंच रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पहले जहां बिजली कटौती के कारण दैनिक कार्य प्रभावित होते थे, वहीं अब लंबे समय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलने से खेती-किसानी, पढ़ाई और घरेलू कार्यों में सुविधा हो रही है। ग्रामीणों ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए विधानसभा क्षेत्र की विधायक अर्चना पाण्डेय के प्रयासों की सराहना की है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गर्मी के इस मौसम में बेहतर विद्युत आपूर्ति लोगों के लिए राहत का कारण बनी हुई है। विधायक अर्चना पाण्डेय ने विश्वास जताते हुए कहा कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को लेकर इसी प्रकार कार्य जारी रहेंगे, जिससे आम जनता को और अधिक लाभ मिलेगा। बिजली व्यवस्था में सुधार को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

- औरैया जिले के थाना बेला के गांव पट्टी सानी रखवटिया का है मामला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर के दरवाजे पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर रहे एक 55 वर्षीय ग्रामीण की घर के निकट ने गुजरी हाईटेंशन बिजली लाइन के करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक औरैया जिले के थाना बेला के गांव पट्टी सानी रखवटिया गांव निवासी 55 वर्षीय केदारनाथ पुत्र सुमेर सिंह मंगलवार की सुबह अपने घर पर साफ सफाई का कार्य कर रहे थे। घर के निकट स्थित एक पेड़ के पास से हाईटेंशन बिजली लाइन के तार गुजरे हैं। साफ सफाई के दौरान उपरोक्त ग्रामीण पेड़ के संपर्क में आने से बिजली लाइन के करेंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही गिर गया। मामले की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। हालत गंभीर होने के कारण परिजनों द्वारा ग्रामीण को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने ग्रामीण की मौत की पुष्टि कर दी। ग्रामीण की मौत पर परिजनों के रोने बिलखने का सिलसिला जारी था। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण की मौत



- जिले के थाना ठठिया के गांव फुलवारी का है मामला

**ठठिया कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

साइकिल से खेत जा रहे एक 45 वर्षीय ग्रामीण को तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रण के कारण टक्कर मार दी। उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के गांव फुलवारी निवासी 45 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र रामप्रसाद मंगलवार की सुबह अपने घर से खेत से घास लाने के लिए रवाना हुए थे। जैसा ही राजेश गांव के निकट तिर्वा ठठिया मार्ग स्थित फुलवारी गांव के निकट सड़क पर पहुंचे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार के चालक ने अनियंत्रण के कारण साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान कार चालक मौके से भाग निकला, वहीं घायल ग्रामीण के परिजनों को ग्रामीणों से मिली घटना की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्रामीण को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डाक्टरों ने ग्रामीण किसान कि मौत की पुष्टि कर दी। किसान की मौत पर परिजनों के रोने बिलखने का सिलसिला शुरू हो गया। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज गया है।

परिजनों ने मामले में थाना पुलिस को दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल जारी है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में कैलकुलस कार्यशाला का प्रशिक्षण शुरू

**कन्नौज।** एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा के सभागार में शुरू हुई 15 दिवसीय कैलकुलस कार्यशाला का शुभारम्भ सदर एसडीएम वैशाली और संस्थान के निदेशक मनोज शुक्ला ने किया। बताते चलें कि, छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में कैलकुलस के महत्व को लेकर आयोजित किए गए 15 दिवसीय कार्यकम का उद्देश्य उसके महत्व और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण है। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होने के बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और गणित में कैलकुलस की भूमिका के बारे में बताया। इसके अलावा छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी प्रेरित किया। कार्यशाला की रूपरेखा समन्वयक डा. अनुराग शुक्ला और डा. सिंपी सिंह जादौन ने प्रस्तुत की। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन विवेक कुमार, निखिल कुमार, शिवम कुमार प्रशिक्षक के रूप में करेंगे।

## ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर विशाल भंडारा का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल, ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सराफा बाजार के मोहल्ला कोलियान गली नुक्कड़ पर लगाए गए स्टॉल पर राहगीरों व स्थानीय नागरिकों में कचौड़ी-सब्जी का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए उत्सुक नजर आए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने कहा समाज सेवा और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से हमारी संस्कृति को जीवंत रखना हर नागरिक का दायित्व है। यह भंडारा सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण है। ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल के एमडी एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा ने कहा हनुमान जी की कृपा से समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सेवा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर हिमांशु वर्मा एवं सब डायरेक्टर शिवम वर्मा ने हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए कहा शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना हमारा कर्तव्य है। इस भंडारे के माध्यम से हम छात्रों में सेवा भावना का बीज भी बो रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, किसान सेवा सहकारी समिति पश्चिमी के डायरेक्टर प्रतिनिधि रामेंद्र त्रिपाठी एडवोकेट, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, करुणा शंकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्वर्णकार समाज के सदस्य मौजूद रहे।

# भागवत कथा श्रवण से मिलता है जीवन को सही मार्ग : आचार्य श्रीहित आकाश

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के ग्राम धनीधरपुरवा, मोहनपुर रतनपुर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के दौरान दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।



कथा व्यास आचार्य पं. श्रीहित आकाश महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, गोपी प्रेम और धर्म स्थापना से जुड़ी विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। आचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में भागवत कथा मनुष्य को नैतिकता, सदाचार और मानवता का संदेश देती है। कथा के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है तथा मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई। आयोजकों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर बालकराम प्रजापति, राजरानी प्रजापति, धनीराम प्रजापति, रामआसरे प्रजापति, दयाराम प्रजापति, नंदराम प्रजापति, बबलू प्रजापति, सुनील प्रजापति, बलराम प्रजापति, नरवेश प्रजापति, खुशीराम प्रजापति आदि भक्त मौजूद रहें।

# सतेन्द्र कुमार किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बनें उपाध्यक्ष



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरमोहन सिंह एडवोकेट ने संगठन में जुझारू कर्मठता को देखते हुए क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर्वा निवासी सतेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू को कानपुर मण्डल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि यूनियन के माध्यम से क्षेत्रीय किसानों की समस्याओ को अधिकारियों तक पहुंचाकर निराकरण कराने को कहा है साथ ही सक्रिय किसानों को यूनियन का सदस्य ब पदाधिकारी बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की है आगे कहा कि आज देश का अन्नदाता किसान खाद बीज की मंहगाई की मार से त्रस्त है और उसकी ओर से फसलों में भारी लागत लगाकर तैयार की जा रही उपज का वाजिब कीमत न मिलने से परेशान हैं इस अवसर पर किसान जीतपाल सिंह, सुरेश चंद्र, शिवपाल सिंह, वीरपाल सिंह, रिंकू यादव, अनुज कुमार, केपी एडवोकेट, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे ग्रेफ सर्विस नं. GS186999F रिकार्ड में पत्नी का Gaytri दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में Gayatri Rajput व जन्मतिथि 01.01.1983 है। इसी को दर्ज किया जाए। अर्जुन सिंह पुत्र जी.पी. सिंह नि0 अन्नपूर्णा नगर तिर्वाखास, कन्नौज।

## सूचना

मेरे ग्रेफ सर्विस नं. GS158699F रिकार्ड में पुत्र Aditya Singh दर्ज है। जबकि सही नाम Rishav व जन्मतिथि 20.12.2005 है। दूसरे पुत्र का नाम Rishav Rajput दर्ज है। जबकि सही नाम त्पेींअ त्ंरचनज है। अर्जुन सिंह पुत्र जी.पी. सिंह नि0 अन्नपूर्णा नगर तिर्वाखास, कन्नौज।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का लटका मिला शव

- सोमवार को बाइक द्वारा गुड़गांव से निकला था घर के लिए
- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुड़गांव से बाइक द्वारा घर के निकले युवक का गांव से एक किलो मीटर दूरी पर खेत में नीम के पेड़ पर शव लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी दिग्विजय सिंह उर्फ पुत्तूलाल पुत्र अजय पाल उम्र 24 गुड़गांव में रहकर दिन में रैपिटो बाइक चलाता था और रात में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी करता था। वहीं साथ में ही दिग्विजय का बड़ा भाई दिगम्बर भी वहीं रहकर नौकरी करता था। दिग्विजय सोमवार सुबह गुड़गांव से बाइक लेकर बापस अपने घर के लिए निकला था, लेकिन शाम तक रिस्तेदारों ने दिग्विजय के घर न पहुंचने पर उसके मोबाइल पर बात करनी चाही, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। देर शाम के बाद परिजनों ने दिग्विजय की गांव में आसपास जानकारी की। जिसपर गांव के लोगों द्वारा दोपहर दिग्विजय सिंह को गांव में देखे जाने की जानकारी हुई। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे गांव के कुछ लोग शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर गांव के ही राजकुमार के खाली पड़े खेत के किनारे नीम के पेड़ पर युवक को फांसी पर लटकते देखा। लोगों ने पास जाकर देखा तो वह अजयपाल का 20 वर्षीय पुत्र दिग्विजय था। सूचना मिलने पर परिजन व गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। दिग्विजय की मौत पर परिजन चीत्कार करने लगे। परिवार के ही अखिलेश यादव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने जांच पड़ताल की। पुलिस को मौके से मृतक का मोबाइल बरामद किया और पास ही सड़क के किनारे उसकी बाइक खड़ी मिली।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

सूचना पर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नमूने लिए। मृतक के शव पर परिजन चीत्कार करने लगे। उपनिरीक्षक जगराम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता अजयपाल ने बताया कि दिग्विजय और उसका भाई दिगम्बर गुड़गांव में रहकर नौकरी करता था। दिग्विजय सोमवार गुड़गांव से घर के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा था।

## महिला को पीटने में तीन भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी मुनीश कुमार पुत्र राम लड़ैते सिंह ने गांव के ही अरविंद, नरेन्द्र, इंद्रपाल पुत्रगण ओमशरन के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुक़दमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27 मई शाम 5:30 बजे मेरी भाभी धनदेवी पत्नी अवनीश कुमार अपने घर पर बैठी थी, तभी उपरोक्त सभी आरोपित मौके पर आए और मेरी भाभी के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। यह देख मेरा भतीजा रंजीत जोर जोर से चिल्लाया। मेरी मां को बचाओ आवाज सुनकर लोगों ने मौके पर पहुंचकर बचाया। बाद में उपरोक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## आवारा कुत्तों का आतंक, युवक पर किया हमला, घायल


युवक का उपचार करते चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में कुत्तो का आंतक लगातार बढता जा रहा है, एक दर्दनाक घटना में खेत से लौट रहे युवक पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। तहसील क्षेत्र के गाँव चौधरियान मोहल्ला निवासी सलमान उम्र 27 वर्षीय पुत्र नसरतअली खेत से घर लौट रहे थे, तभी अचानक कुत्ते ने उन्हे घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, कुत्ते ने उनपर हमला कर दिया और शरीर के कई हिस्सों में बुरी तरह काटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। हमले में सलमान के गर्दन हाथ पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे घाव हो गए, किसी तरह ग्रमीणों के पहुंचने पर कुत्ते को वहाँ से भगाया गया और घायल युवक को तुरन्त उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उनका उपचार जारी है।

# सोता नाला में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर कला में भैंस चराने गए बुजुर्ग की सोता नाला में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह उनका शव पानी में उतराता मिला। जिससे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी शिशुपाल 70 वर्ष पुत्र भूमिराज सोमवार सुबह प्रतिदिन की भांति अपनी भैंसों को चराने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण रातभर टॉर्च की रोशनी में खेतों, मेड़ों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह परिजनों ने थाना अमृतपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन शुरू कराई। इसी दौरान सोता नाला में उनका शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया। शव मिलने की खबर से गांव में मातम छा गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह तथा उपनिरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि नाला पार करते समय बुजुर्ग गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। मृतक अपने पीछे इकलौते पुत्र वीरेंद्र समेत पूरे परिवार को छोड़ गए हैं। पिता की असामयिक मृत्यु से पुत्र और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिशुपाल मेहनतकश और मिलनसार व्यक्ति थे तथा स्वयं ही अपने पशुओं की देखभाल करते थे। उनकी अचानक हुई मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।


जांच पड़ताल करती पुलिस

# पीआरडी जवान का आम के पेड़ से लटका मिला शव

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम राजेपुर राठौरी में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के एक जवान का शव घर के बाहर आम के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जवान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर राठौरी निवासी धीरेंद्र सिंह पुत्र जोगराज सिंह पीआरडी में जवान के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी ट्रैफिक व्यवस्था में लगी हुई थी। मंगलवार सुबह उन्होंने घर के बाहर स्थित आम के पेड़ पर गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उनका शव पेड़ से लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। घटना की सूचना पीआरबी 5604 के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोग विभागीय दबाव अथवा ड्यूटी संबंधी तनाव को भी घटना से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि अभी तक आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न तो परिजनों ने किसी पर आरोप लगाया है और न ही जांच में अब तक ऐसा कोई तथ्य सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार धीरेंद्र सिंह शांत स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

उनकी अचानक मौत से गांव के लोग स्तब्ध हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।


मृतक का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

## खबरें एक नजर में

### अस्पताल से बिजली के केबल चोरी, पीछा करने पर चोरों ने दी धमकी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सकवाई स्थित एक अस्पताल में देर रात चोरी की घटना सामने आई है। अस्पताल में चौकीदारी करने वाले हर्षित कश्यप पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र लाल निवासी वनपोई ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है कि उसकी ड्यूटी शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक रहती है। पीड़ित के अनुसार 27/28 मई 2026 की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच कुछ अज्ञात चोर अस्पताल के पीछे से अंदर घुस गए और छत पर चढ़कर ट्रांसफार्मर से अस्पताल के सोलर पैनल तक जाने वाली करीब 150 मीटर लंबी तांबे की बिजली केबल काटकर चोरी कर ले गए। हर्षित कश्यप ने बताया कि चोरी के दौरान उसने तथा अस्पताल के कंपाउंडर निरंजन और विवेक ने बिजली की रोशनी में चोरों को भागते हुए देखा। जब उन्होंने चोरों का पीछा किया तो आरोपित उन्हें धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

### युवक को पीटने में चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी सोनू पुत्र आशाराम ने गांव के ही नीलेश, जनवेद, परवेद पुत्रगण बेचेलाल व अनुज पुत्र सुग्रीव के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27 मई रात 9:30 बजे गांव में ही भागवत का भंडारा खाने गया था। वहां हलवा बट रहा था मैने आरोपित नीलेश से हलवा मांगा, इसी को लेकर नीलेश ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरमपुरी निवासी लालता प्रसाद पुत्र जय सिंह ने गांव के ही पुष्पेंद्र पुत्र श्याम सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 4 मार्च रात 10:23 बजे मेरी दीवाल पर लगे सीसीटीवी कैमरे को पुष्पेंद्र ने तोड़ दिया। जब मैंने पूछा तो मेरे साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### महिला से टप्पेबाजी कर हड़पे सोने के आभूषण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा से अपने रिश्तेदार के यहां जा रही महिला से महिला व एक पुरुष ने टप्पेबाजी कर सोने के आभूषण हड़प लिये। पीड़िता ने घटना के संबंध में कोतवाली फतेहगढ़ निरीक्षक को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला बहादुरगंज तराई निवासी प्रीती शाक्य पत्नी विपिन कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में दर्शाया कि 1 जून को समय शाम लगभग 7 बजे अपने घर से अपने रिशार नन्दलाल निवासी गढ़रियन थाना कोतवाली फतेहगढ़ के यहां जा रही थी, जब प्रार्थिनी भोलेपुर से गढ़रियन नगला के लिए ई-रिक्शा पर बैठी। जिसके कुछ दूरी पर सोनी पारिया स्कूल के पास प्रार्थिनी रिक्शे से पहुंची, वहा पर एक महिला व एक पुरुष नाम व पता अज्ञात भी उसी रिक्शे को रूकवाकर बैठ गये, जब रेलवे न्यायालय के पास पहुंची, तभी दोनों अज्ञात महिला व पुरूष ने एक पीली धातु से बनी गले की जंजीर प्रार्थिनी के पैरो की तरफ फेंकी, जब प्रार्थिनी ने उस जंजीर को उठाकर अज्ञात महिला व पुरूष को वापस दी। इसी बीच दोनों अज्ञात महिला व पुरूष ने प्रार्थिनी को गुमराह कर एक जोड़ी सोने के कुण्डल, एक जोड़ी सोने के टाप्स, एक सोने का मंगलसूत्र, टप्पेवाजी कर हड़प लिये। प्रार्थिनी जब तक कुछ समझ पाती तब तक अज्ञात महिला पुरुष प्रार्थिनी को ई-रिक्शा से उतार कर भाग गये। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## बंदरों के हमले से अधेड़ छत से गिरा, घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के जल्लापुर गांव में मंगलवार सुबह बंदरों का झुंड आ गया जो आतंक मचाने लगा। वहीं छत पर सो रहे अधेड़ छत पर सो रहा था। अधिक बंदर होने से वह घबरा गया। इस दौरान बदंरों ने हमला कर दिया। जिससे वह हड़बड़ी में छत से गिर गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के जल्लापुर निवासी 50 वर्षीय राजकुमार मंगलवार सुबह करीब 4 बजे छत पर सो रहे थे। उनकी आंख खुली तो उन्होंने छत पर बड़ी संख्या में बंदरों को देखा। बंदरों ने उन पर दौड़ना शुरू कर दिया, जिससे बचाव के लिए भागते समय राजकुमार छत से नीचे गिर गया। इस हादसे में राजकुमार के हाथ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर होने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में भर्ती राजकुमार के भतीजे ने बताया कि उनके चाचा सुबह लघुशंका के लिए उठे थे, तभी छत पर मौजूद बंदरों ने उन्हें खदेड़ दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल

- भतीजे ने बताया कि उनके चाचा सुबह लघुशंका के लिए उठे थे, तभी छत पर बंदरों ने उन्हें खदेड़ लिया

# अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग का सघन प्रवर्तन अभियान जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में 02 जून को आबकारी विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा विभागीय स्टाफके साथ थाना/कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध ग्राम श्यामनगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान कुल 15 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा लगभग 100 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

प्रवर्तन कार्यवाही के साथ-साथ कायमगंज क्षेत्र में संचालित विभिन्न आबकारी अनुज्ञापनों का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रायपुर खास एवं कम्पिल स्थित कम्पोजिट तथा देशी शराब दुकानों की गहन जांच की गई। अधिकारियों द्वारा दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री, अभिलेख, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया।


बरामद लहन की जानकारी देते पुलिस कर्मी

निरीक्षण के दौरान उपलब्ध मदिरा स्टॉक का अभिलेखों से मिलान किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी अभिलेखों को अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों, शर्तों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति के तहत प्रभावी कार्रवाई जारी है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि अवैध मदिरा के निर्माण अथवा बिक्री संबंधी किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं आबकारी विभाग को उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर एवं सघन रूप से संचालित किया जाता रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शिशिक्षा बेंच टू बेडसाइड इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा शिशिक्षा-बेंच टू बेडसाइड इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन 26 मई से 2 जून तक किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के निर्देशानुसार नवप्रवेशित बीएएमएस इंटर्न विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप हेतु तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रशासन, वरिष्ठ संकाय सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन सत्र में इंटर्न विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों, चिकित्सालय की कार्यप्रणाली, व्यावसायिक आचार-संहिता, चिकित्सकीय उत्तरदायित्वों तथा रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व से अवगत कराया गया। छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा कायचिकित्सा, पंचकर्म, शल्य तंत्र, शालाक्य तंत्र, प्रसूति एवं स्त्री रोग, कौमार भृत्य, स्वास्थवृत्त एवं योग तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। अस्पताल परिचय, एनएबीएच मानक, मेडिकल रिकॉर्ड प्रबंधन, दस्तावेजीकरण, जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, रोगी सुरक्षा मानक, अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली एचआईएमएस, फार्माकोविजिलेंस तथा संचार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, ई-लॉगबुक प्रबंधन द्वारा निर्धारित ऑनलाइन कार्यक्रमों, आयुष नियामक संस्थाओं, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल एवं आयुष वीज़ा संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। व्याख्यान, वेबिनार, प्रदर्शन, अस्पताल भ्रमण एवं विभागीय अवलोकन जैसी गतिविधियों के माध्यम से इंटर्न विद्यार्थियों को वास्तविक चिकित्सकीय वातावरण का अनुभव कराया गया। साथ ही नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण, टीम वर्क, उद्यमिता एवं आयुष क्षेत्र में करियर के विभिन्न अवसरों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इंटर्नशिप चिकित्सा शिक्षा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें विद्यार्थी कक्षा-कक्ष के ज्ञान को वास्तविक रोगी सेवा से जोड़ते हुए एक कुशल चिकित्सक के रूप में विकसित होते हैं। शिशिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैदानिक दक्षता, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं सेवा भावना का विकास करना है। 2 जून को आयोजित समापन समारोह में प्रतिभागियों का मूल्यांकन, फीडबैक सत्र एवं प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। इंटर्न विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की उपयोगिता की सराहना करते हुए इसे अपने व्यावसायिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत बताया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा भविष्य के सक्षम, संवेदनशील एवं उत्तरदायी चिकित्सकों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# फर्जी मुकदमें के विरोध में कई संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर पलनापुर की गौशाला का एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें गौवंश को मृत अवस्था में दिखाया गया था। इस मामले में नोडल अधिकारी ने भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी और 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ कंपिल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। नोडल अधिकारी का आरोप है कि गौशाला का भ्रामक वीडियो वायरल कर रुपयों की मांग की गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद हिंदू संगठनों और किसान यूनियनों में भारी आक्रोश फैल गया। इसके विरोध में बजरंग दल, भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश, करणी सेना और शिव शक्ति अखाड़ा ने मंगलवार को तहसील परिसर में उग्र प्रदर्शन का ऐलान किया था। तय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सभी दलों के कार्यकर्ता पुल ग़ालिब पर एकत्र हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पुलिस और उपजिलाधिकारी के खिलाफ जमकर नारे बुलंद किए। प्रदर्शन की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने कंम्पिल थाना अध्यक्ष नितिन चौधरी, शमशाबाद थाना अध्यक्ष सचिन चौधरी, मेरापुर राजीव पाण्डेय, कायमगंज कोतवाली प्रभारी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी सहित फतेहगढ़ से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर पूरी तहसील को छावनी में तब्दील कर दिया था। हालांकि, इस भारी पुलिस बल का प्रदर्शनकारियों पर कोई असर नहीं दिखा और वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने आंदोलन का नेतृत्व करते हुए प्रशासन के सामने चार मुख्य मांगें रखीं। जिसमें उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह का तत्काल स्थानांतरण किया जाए और उनकी संपत्ति की जांच हो। किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दर्ज किया गया फर्जी मुकदमा वापस लिया जाए। क्षेत्र की सभी गौशालाओं की दुर्दशा में सुधार किया जाए। गौशाला में मृत गायों के शवों को जमीन से निकलवाकर उनका पोस्टमार्टम कराया जाए और लापरवाही बरतने वाले नोडल अधिकारी के खिलाफमुकदमा दर्ज हो। इस संबंध में उजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा पूरी तरह से विधिक रूप से मुकदमा दर्ज कराया गया है। यदि आरोपियों को इस कार्रवाई पर कोई आपत्ति है, तो वे न्यायालय की शरण लें और वहां अपील करें। इस तरह के प्रदर्शन और हंगामे से कोई लाभ होने वाला नहीं है। बड़े प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के वेद प्रमुख पुष्कर व्रत अग्निहोत्री, भाकियू प्रदेश सचिव विवेक सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बबलू दीक्षित, युवा जिला अध्यक्ष मनमोहन राणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशीष पाल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुन्ना खान और आकाश कश्यप सहित भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल ने कई लोगो को हिरासत मे लिया।


धरना देते संगठन के लोग


तहसील में मौजूद पुलिस बल

# चेकिंग में पांच ओवरलोड वाहन पकड़े, लगा 176000 का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशन में एआरटीओ पुलिस विभाग तथा खनन विभाग द्वारा फर्रुखाबाद एवं मोहम्मदाबाद क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में 5 ओवरलोड वाहन पाए गए, जिन्हें सीज़ कर 176000 वसूला गया। पकड़े गए वाहनों में से 2 वाहनों के पास खनन विभाग की रॉयल्टी नहीं पाई गई, जिन पर रु 113000 का जुर्माना खनन विभाग द्वारा लगाया गया तथा 80000 का जुर्माना परिवहन विभाग द्वारा लगाया गया। इन वाहनों में गिट्टी लदी हुई थी, जो मध्य प्रदेश से लाई जा रही थी, परन्तु उनके पास उत्तर प्रदेश का वैद्य प्रपत्र नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य बालू ढोने वाली वाहन पर ओवरलोड के अभियोग में 35000 का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग में दो अन्य वाहन विविध सामग्री को ओवरलोड ले जाते हुए पाए गए तथा उन पर 61000 का जुर्माना लगाया गया लगाया गया। चेकिंग टीम में खनन अधिकारी, यातायात प्रभारी तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत रहे। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश पर ओवरलोड एवं अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार से राज्य के राजस्व की चोरी न हो, इसी के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सभी क्षेत्राधिकारी, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं थानाध्यक्षों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र में अवैध खनन न होने दें व अवैध खनन, परिवहन पाए जाने पर तत्काल वाहनों को सीज करने की कार्यवाही करें। इसी क्रम में यह अभियान चलाया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

# 25 की जगह 10-15 सेमी मिली सड़क की मोटाई, रुकवाया काम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंडी रोड पर सेंट्रल जेल चौराहे से लेकर आईटीआई चौराहे तक पीडब्ल्यूडी के द्वारा लगभग 10 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पिछले कई दिनों से इस पर कार्य चल रहा था। मंडी रोड पर रहने वाले लोगों के द्वारा कई बार इसकी शिकायत की गई कि निर्माण कार्य बहुत घटिया किया जा रहा है पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई उनकी नहीं की गई।

लोगों ने ठेकेदारों के लोगों से भी सही काम करने के लिए कहा तो ठेकेदार के लोगों ने दबंगई और गुंडे दिखते हुए उनको चुप कर दिया। निवासियों ने फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा को बताया कि निर्माण कार्य बहुत घटिया हो रहा है।

**ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा, मौके पर पहुंचे पीडब्लूडी अधिकारी**

इस पर भईयन मिश्रा अपनी टीम के साथ में मौके पर पहुंचे और काम की गुणवत्ता के बारे में वहां मौजूद ठेकेदार से बात की तो वह गोल-गोल जवाब देने लगा और दबंगई दिखाते हुए कहने लगा कि आप लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर देंगे, सरकारी काम में बाधा पैदा कर रहे हो। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क का निर्माण मानकों के विपरीत किया जा रहा था। विरोध के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। किए जा रहे कार्य की मोटाई जो की 25 सेंटीमीटर होनी चाहिए थी, सीसी की वह मात्र 10 सेंटीमीटर से लेकर 15 सेंटीमीटर के बीच निकली। सीसी से पहले के दो कोड जिनकी की मोटाई 15-15 सेंटीमीटर होनी चाहिए, कुल मिलाकर 30 सेमी वह भी आदि निकली। तैयार सड़क 55 सेंटीमीटर होनी चाहिए थी और मौके पर 30 सेंटीमीटर से अधिक कहीं पर भी नहीं निकली। मामले की जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी के एई विनोद राजपूत, एई चंद्रपाल, जेई सोहेल खान और जेई हरीश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी और सड़क की माप कराई। जांच में सड़क की मोटाई निर्धारित मानक से कम मिली।


विरोध करते ग्रामीण

भईयन मिश्रा ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जाने की मांग की। कमलेश पाठक ने भी मौके पर पहुंचकर घटिया निर्माण कार्य पर विरोध किया। पंकज मिश्रा ने बताया की प्रतिदिन इस पर सैकड़ों ट्रक निकलते हैं मंडी के सीजन पर तो इस पर बहुत लोड रहता है इसलिए सड़क निर्माण गुणवत्ता से हो, ताकि यह सड़क चल सके नहीं तो जैसा काम हो रहा है यह तो 1 महीने के अंदर ही खराब हो जाएगी।

सभासद महेश अग्निहोत्री बाबू, सभासद अतुल शंकर दुबे, सभासद विश्वनाथ राजपूत ने भी विरोध दर्ज कराया। इस दौरान निशीत दुबे उर्फ निशु, विनय सिंह सोमवंशी, बीके गुप्ता, मदन अग्निहोत्री, राजीव पाल, ओम निवास पाठक, राहुल वर्मा, नितिन यादव, जितेंद्र वर्मा, राजेश मिश्रा, आलोक मिश्रा भूरे, सनी बाथम, आशू मिश्रा, राजीव वर्मा, पंकज राठौर, इमरान खान, महिपाल राजपूत, शिवांग बाजपेई, रजत वर्मा, चंचल, रामबरन शाक्य, आशुतोष मिश्रा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग के कार्यकर्ताओं द्वारा आचार्य अम्बरीष तिवारी विभाग उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिसमें गाजियाबाद में सूर्य प्रताप सिंह की निर्मम हत्या पर दुख व्यक्त करते हुये, मुख्यमंत्री और पुलिस को एक आरोपी के एनकाउंटर के लिए धन्यवाद दिया। आग्रह किया कि अन्य आरोपियों और उसमें सम्मलित सभी अपराधियों पर उचित कार्रवाई की जाये। जिससे कि आगे इस तरह की घटना ना घटित हो, बकरीद के दिन होने वाली इस तरह की निर्मम हत्या से सभी सनातनियों में भय व्याप्त है, इसीलिए आवश्यक है अन्य आरोपियों पर भी कठिन से कठिन कार्यवाही हो, जिससे कि दोबारा कोई इस तरह की घटना ना करीत हो। सतीश चंद्र दीक्षित ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल पुलिस की कार्यशैली से संतुष्ट है, परंतु जब इस तरह की घटना घटित होती है तो समाज में भाय व्याप्त होता है। मौके पर कार्तिकेय शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, सत्यम वर्मा, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, नीतीश पांडे, भारत दुबे, आयुष सक्सेना, कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण
## व्यवस्थाएं देखकर जताया संतोष


मरीज से बात करते सीएमओ

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कस्बा मोहम्मदाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएमओ डॉ.आरसी माथुर एवं डॉ. दीपक कटारिया भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न इकाइयों का बारीकी से जायजा लिया गया। सीएमओ ने जन औषधि केंद्र, पैथोलॉजी लैब, राजकीय किशोर स्वास्थ्य केंद्र, लेबर रूम, जेएसवाई वार्ड, डेंटल केयर यूनिट, वीपीएन यूनिट तथा आरएनटीसीपी केंद्र सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली तथा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के बाद सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने बताया कि सीएचसी में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आवश्यक डॉक्टरों की तैनाती कर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों और सीमित स्टाफ के बावजूद अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली हैं तथा कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गौरव यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव, डॉ. सन्नी मिश्रा सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नवागंतुक डीआईओएस का अटेवा पदाधिकारियों ने किया स्वागत


डीआईओएस को बुके देते अटेवा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नवनियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार से अटेवा पदाधिकारियों ने भेंट कर स्वागत किया।

मंगलवार को प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम अटेवा पदाधिकारियों ने नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार से शिष्टाचार भेंट की तथा सकारात्मक वार्ता की। इस मौके पर अटेवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, महामन्त्री फूलसिंह शाक्य, सहसंयोजक सुधीर पाल, प्रवक्ता सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार, विजेंद्र पाल सिंह व आदेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# एनसीसी बी सर्टिफिकेट पाकर कैडेट्सों के खिले चेहरे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक (वीएसएम) द्वारा 2 जून को उत्तीर्ण सभी 235 एनसीसी कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट वितरित किए। विगत माह मार्च 2026 में एनसीसी बी सर्टिफिकेट की परीक्षा हुई थी। जिसमें एनसीसी के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया था। 235 कैडेट्सों ने सफलता हासिल की।



प्रमाण पत्र दिखाते एनसीसी कैडेट्स मौजूद अधिकारी

जिनको 2 जून को बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक वीएसएम तथा प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ द्वारा सभी उत्तीर्ण एनसीसी कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कर्नल एएस मलिक ने सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई दी तथा भविष्य में एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि एनसीसी हमें समाज में एकता और अनुशासन के साथ जीना तथा सामाजिक सेवाएं सिखाती है। एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न प्रकार आपदाएं आने पर में सहयोग प्रदान करते हैं साथ ही राष्ट्र निर्माण में पूरा सहयोग प्रदान करते हैं। सभी एनसीसी कैडेट्स को कैप्टन गिरिजा शंकर ने मद्य निषेध, नशा मुक्ति तथा तंबाकू निषेध के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा किसी भी प्रकार का हो इंसान और समाज को बर्बाद कर देता है। सभी को किसी प्रकार के भी नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, कार्यालय प्रधान लिपिक सुनील कुमार, गिरीश चंद्र, जोगेंद्र सिंह, इंद्रेश यादव, प्रमोद कुमार, अवधेश त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान व पंचायत अधिकारी ने किसान को दिखाया मृत
## पीड़ित ने डीएम से शिकायत कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत मुड़ौल की ग्राम प्रधान व उसके पति तथा पंचायत अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल ने कूटरचित दस्तावेज तैयार का झूठी आख्या लगाकर जीवित किसान को मृत दिखाकर किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं से वंचित कर दिया। पीड़ित किसान को जब इसकी जानकारी हुई तो वह मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।


जानकारी देता पीड़ित किसान

जानकारी के अनुसार विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत मुड़ौल निवासी रामभजन पुत्र सुमेर गौतम ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि काफी समय से किसान सम्मान निधि मिल रही थी और मोबाइल नम्बर आधार कार्ड एवं किसान सम्मान निधि हेतु उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मण्डी समिति कायमगंज से जुड़ा हुआ था। जब मार्च माह तक उसके पास किसान सम्मान निधि की धनराशि बैंक में आने की सूचना नहीं आयी। तब पीड़ित ने बैंक में जाकर जानकारी की, तो जानकारी हुई कि उक्त आधार कार्ड उसकी मृत्यु होने के कारण निष्क्रिय हो गया, इसलिये प्रार्थी की निधि शासन द्वारा अवरुद्ध कर दी गयी। इस पर प्रार्थी ने गहराई से जाँच की तो प्रार्थी को जानकारी हुई कि प्रार्थी की मृत्यु होने का गलत उल्लेख होने के कारण राशन कार्ड खाद, श्रमकार्ड व बैंक से रूपयों को निकालने आदि की सारी कार्यवाही को शासन द्वारा रोक दिया गया। जिससे प्रार्थी को अपूर्णनीय क्षति हो रही है, जबकि प्रार्थी वर्तमान में जीवित अवस्था में है। बाद में यह जानकारी हुई की ग्राम सभा के ग्राम प्रधान अनीता देवी व उसके पति पंचायत मित्र राजकिशोर व ग्राम पंचायत अधिकारी हृदयेश पाण्डेय व क्षेत्रीय लेखपाल तामेश्वर राणा ने सुनियोजित योजना व षड्यंत्र के तहत आपस में मिलकर कूटरचित झूठी आख्या व फर्जी प्रपत्रों के आधार पर प्रार्थी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत अधिकारी ने अपने लेख व हस्ताक्षर में तैयार किया, और उपरोक्त लोगों ने आपस में मिलकर षड्यंत्र के तहत प्रार्थी की जमीन खाता संख्या-143 स्थित मौजा मुण्डौल परगना कम्पिल तहसील के सहखातेदारों से मिलकर गलत हिस्साकसी राजकीय प्रपत्रों में इन्द्राज की। पीड़ित किसान ने जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

# द क्रिएटिव सोल ऑफ फर्रुखाबाद के ग्रैंड फिनाले के लिए 80 प्रतिभागी चयनित


कार्यक्रम में मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यरत द क्रिएटिव सोल ऑफ फर्रुखाबाद संस्था द्वारा आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया संपन्न हो गई। आयोजित ऑडिशन में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 150 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनमें से 80 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया। संयोजक अभिषेक कटियार ने बताया कि प्रतियोगिता का एक और ऑडिशन 28 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचान दिलाना तथा उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। ऑडिशन के दौरान रंगमंचीय कलाकार अमित सक्सेना, स्नेहा श्रीवास्तव, मोंटी सरताज एवं आशीष भदौरिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर चयनित प्रतिभाओं की घोषणा की। अमित सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं तथा युवाओं में आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए संस्था एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संस्था के सदस्य ऋतम कुलश्रेष्ठ, शिल्पी, अमन वर्मा, रिया राठौर, स्वाती कुमारी तथा सह-संयोजक शिवानी कटियार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## नेशनल प्रतियोगिता में चयनित होने पर सीओ ने अर्पिता को किया सम्मानित


फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कराटे एसोसिएशन द्वारा नेशनल प्रतियोगिता के लिए जनपद की अर्पिता भारद्वाज का चयन किया गया। जिसमें देहरादून में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए कराटे खिलाड़ी अर्पिता का चयन होने पर जनपद के लोगों ने बधाई दी। 3 जून से 6 जून तक नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन परेड ग्राउंड देहरादून में होगा। संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, सुमन राठौर, बबिता पाठक, लालजी सक्सेना ने शुभकामनायें दी है। वहीं सीओ सिटी अजय वर्मा ने खिलाड़ी अर्पिता भारद्वाज को सम्मानित किया। कोच पारस भारद्वाज ने कहा कि यह जनपद के बड़ी उपलब्धि है।


अर्पिता को सम्मानित करते सीओ

# डॉ. रामकृष्ण राजपूत लेंगे अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरातत्वविद, इतिहासवेता, यश भारती से सम्मानित डॉ. राम कृष्ण राजपूत कई सम्मानों से सम्मानित हो चुके है। 03 जून से अंतर्राष्ट्रीय यात्रा/ हिन्दी सम्मेलन में भागीदारी करने तथा सम्मान प्राप्त करने जा रहे हैं। सम्मेलन के प्रतिभागियों में वह सबसे वयोवृद्ध, सर्वाधिक योग्यता धारक और सर्वाधिक सम्मान प्राप्त करने वाले लब्धप्रतिष्ठ विद्वान होंगे। अंतर्राष्ट्रीय संगठन को लोकप्रिय बनाने तथा ऊँचाईयों पर पहुँचाने का कार्य डॉ. राजपूत ने किया है। दुर्लभतम संग्रहालय के स्वामी, अनेक भाषाओं की पाण्डु लिपियों के संग्रहकर्ता, 25 वर्षों तक निर्विवाद, निर्विकार तथा निष्पक्ष भाव से फर्रुखाबाद महोत्सव को जन-जन तक पहुँचाने वाले, 68 पुस्तकों के लेखक डॉ. राजपूत नोमपेन्ह, बैंकाक संहित कई कार्यक्रमों में अतिथि तो होंगे ही, इसके साथ साथ उनकी सद्यः प्रकाशित पुस्तकों फतेहगढ़नामा, फर्रुखाबाद के ख्याल-लादनी गायक तथा इण्डोनेशिया मलेशिया की यात्राएँ का भी विमोचन किया जायेगा।


डॉ. रामकृष्ण राजपूत

# चित्रकला कार्यशाला में बच्चे सीख रहे भारतीय कला की परंपरा

**पिचवाई पेंटिंग से लेकर मंडला आर्ट तक का दिया जा रहा प्रशिक्षण**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कला एवं साहित्य की संस्था संस्कार भारती की ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला में चित्रकला प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को भारतीय कला की प्राचीन परंपराओं से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षिका मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में बच्चे रेखाओं, बिंदुओं और विभिन्न कलात्मक आकृतियों के जरिए प्रकृति चित्रण, वास्तुकला, मानवीय आकृति और आधुनिक कला का बोध कर रहे हैं।

प्रशिक्षिका मोनिका गुप्ता के अनुसार, चित्रकला भारत की प्राचीन विद्या है। मानव सभ्यता के साथ इसका विकास मिला है। प्राचीन गुफाओं और कंदराओं में मानव सभ्यता के प्राचीन रेखा चित्र मिलते हैं। चित्रकला मानव मन के विचार, कल्पना और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम है।


चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

**पिचवाई पेंटिंग से श्रीकृष्ण कला की जानकारी**

कार्यशाला में पिचवाई पेंटिंग के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और श्रीकृष्ण से जुड़ी पारंपरिक कला की जानकारी दी जा रही है। स्केचिंग में रेखाओं, अनुपात और अवलोकन कौशल का महत्व समझाया गया। साथ ही भारतीय संसद, पारंपरिक कला के महत्व से भी बच्चों को परिचित कराया गया। बच्चे स्वतंत्र रूप से स्केचिंग, पिचवाई पेंटिंग, पेंसिल चित्र और रंगों का संतुलित उपयोग करना सीख रहे हैं। मेहंदी कला में मांडला आर्ट की मूल तकनीकें भी सरलता के साथ सिखाई जा रही हैं, जिससे बच्चे आसानी से इसे अपना सकें।

कार्यशाला में बच्चों को यह भी बताया जा रहा है कि चित्रकला हमें सोच, सृजनात्मकता और समाज को नए दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा देती है। संस्कार भारती का प्रयास है कि बच्चे भारतीय कला को समझें और उसे आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर सुरेंद्र पांडेय, डॉ0 रविंदर यादव, डॉ0 राकेश गंगवार, आदेश अवस्थी, गौरव मिश्रा बंटी, अरविंद दीक्षित, नरेंद्र नाथ मिश्रा, कुलभूषण श्रीवास्तव, दीपक रंजन सक्सेना, अनुभव सारस्वत, अशोक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गांधी आश्रम की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र**
**गांधी आश्रम मदारवाड़ी सहित प्रदेश के कई जनपदों में लोग बीमारी से अपनी गवां बैठे है जान**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। गांधी आश्रम मदारवाड़ी सहित प्रदेश के कई जनपदों में लोग बीमारी से अपनी जान गवां बैठे है। इन प्रताड़ित लोगों को इलाज के नाम पर कोई पैसा नहीं मिला। जिस कारण उनकी मौत हो चुकी है। महेश सिंह कमालगंज, गिरीश चंद्र शर्मा फर्रुखाबाद, रामचन्द्र पाण्डेय की पत्नी फर्रुखाबाद सहित 19 अन्य लोग भी बीमारी की चपेट में आने से निधन हो चुका है। बैठक में क्षेत्रीय गांधी आश्रम मदारवाड़ी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का फंड दिलाने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया। प्राविडेंट फण्ड एवं ग्रेचुटी नियमित जमा कराया जाये। जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेचुटि का भुगतान मिल सके। कई वर्ष बीत जाने के बावजूद भी न्याय नहीं मिला। बैठक में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कर्मचारियों की समस्त देयता पर चर्चा हुई। बजरंग बहादुर सिंह ने विचार रखे। इस मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय, राजेश मिश्रा, संजीव गुप्ता, पृथ्वी नारायन वर्मा, जयप्रकाश पाण्डेय, कृष्ण कुमार शुक्ला, रामचन्द्र पाण्डेय, मुदिका यादव, राजवीर सिंह, अनिल कुमार सिंह, बब्बन राम, भवंर पाल सिंह, कृष्ण सिंह, बृजेन्द्र पाल सिंह, देवप्रकाश यादव, शिव कुमार कटियार, स्वीटी, गुलाब, सरोज सिंह, चन्द्रपाल सिंह, योगेश त्यागी, राजेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# धर्म और ज्ञान के सूर्य थे मुफ़्ती-ए-आजमः मुफ़्ती गुलाम आसी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत की धरती ने समय-समय पर ऐसे महान विद्वानों और सूफ़ी संतों को जन्म दिया है, जिन्होंने दीन और दुनिया दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएँ दीं। इन्हीं महान हस्तियों में मुफ़्ती-ए-आज़म राजस्थान हज़रत हाफ़िज़ मौलाना मुफ़्ती प्रोफेसर सैयद ज़ियाउद्दीन शम्सी तहरानी रहमतुल्लाह अलैह का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। एक महान आलिम, सूफ़ी, शिक्षक, लेखक, शायर और आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे। उनका जन्म 8 जून 1939 को राजस्थान के प्रसिद्ध शहर टोंक में एक सम्मानित सैयद परिवार में हुआ। बचपन में ही कुरआन शरीफ़ हिफ़्ज़ किया और दीनी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी प्राप्त की। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की और वहीं लंबे समय तक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएँ दीं।


मुफ़्ती गुलाम आसी

हज़रत शम्सी तहरानी रहमतुल्लाह अलैह को कई भाषाओं का ज्ञान था। उर्दू, अरबी, फारसी और अंग्रेज़ी सहित लगभग 14 भाषाओं पर विशेष अधिकार प्राप्त था। फारसी भाषा में गहरी विद्वता के कारण भारत सरकार ने प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। मुफ़्ती-ए-आज़म राजस्थान का सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने शिक्षा, लेखन, शोध, तसव्वुफ़ और समाज सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। प्रसिद्ध पुस्तकों में ख़्वाजा-ए-ख़्वाजगान, कलाम-ए-इक़बाल का तहक़ीक़ी मुताला, बौद्ध धर्म का प्रभाव विश्व के देशों पर, जिक्र-ए-सय्यदैन तथा शरह-ए-गुलदस्ता-ए-दानिश शामिल हैं।

**हज़रत प्रोफेसर मुफ़्ती जियाउद्दीन शम्सी तहरानी की विरासत और सिलसिला-ए-फैज़**

हज़रत प्रोफेसर मुफ़्ती ज़ियाउद्दीन शम्सी तहरानी रहमतुल्लाह अलैह एक ऐसे महान और बहुमुखी व्यक्तित्व थे, जिनकी मिसाल सदियों में कभी-कभार ही देखने को मिलती है। आला हज़रत मुफ़्ती शाह मज़हरुल्लाह देहलवी रहमतुल्लाह अलैह की खानकाह नक्शबंदिया मज़हरिया से आध्यात्मिक फैज प्राप्त किया और इल्म व रूहानियत की जो शमा रोशन की। हज़रत शाह मोहब्बत शाह साहब ने अपने नवासे हज़रत शाह मोहम्मद वसीम उर्फ़ मोहम्मद मियाँ को अपना जानशीन और सज्जादा नशीन नियुक्त किया। भरगैन फतेहगढ़ और देश के विभिन्न इलाक़ों में लोग हज़रत शम्सी तहरानी की दीनी और दुनियावी सेवाओं को सम्मान के साथ याद करते हैं। हज़रत प्रोफेसर मुफ़्ती ज़ियाउद्दीन शम्सी तहरानी रहमतुल्लाह अलैह के प्रमुख ख़लीफा और जानशीन हज़रत ख़्वाजा मोहब्बत शाह अलैहि रहमा थे, जो फतेहगढ़ स्थित दरगाह हज़रत मख़्दूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया चिश्ती के सज्जादा नशीन रहे। उन्होंने फतेहगढ़ को अपना केंद्र बनाया और वहाँ से दीन, तसव्वुफ़और इंसानियत की सेवा का कार्य जारी रखा। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही हज़रत पीरज़ादा शाह मोहम्मद वसीम उर्फ़ मोहम्मद मियाँ साबरी मुजद्दिदी मज़हरी को अपना जानशीन और दरगाह हज़रत मख़दूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया का सज्जादा नशीन भी नियुक्त किया। ख़ानकाह फतेहगढ़ के सज्जादा नशीन व जानशीन ए हुज़ूर मोहब्बत शाह पीरजादा शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां चिश्ती साबरी मुजद्दीदी अपने बुजुर्गों की तालीमात पर चलते हुए दीन-ए-इस्लाम की ख़िदमत, समाज की इस्लाह और नौजवानों की दीन की सही जानकारी देने का काम कर रहे हैं। उनकी सरपरस्ती में ख़ानकाह आज भी मुहब्बत, अमन और रूहानी फैज का एक अहम मरकज़ बनी हुई है, जहाँ दूर-दूर से लोग फैज हासिल करने आते हैं।

# कांग्रेसियों ने लोहिया अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एंव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शुभम तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल को उच स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त कर एम्स/ एसजीपीजीआई स्तर की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शुभम तिवारी ने कहा कि जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और लोहिया की वर्षो से बनी हुई दुर्दशा के लिए जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और सदन में जनपद के लिए मांग न रख पाना एहम कारण है। कांग्रेस नेता शुभम तिवारी ने जनप्रतिनिधियों से सीधा सवाल करते हुए पूछा कहा कि बताये क्यों नही मांगा लोहिया के लिए विशेष दर्जा, क्यों नही सोचा गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए। क्यों नहीं लोहिया अस्पलात को एम्स/ एसजीपीजीआई जैसी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था से परिपूर्ण करवाया गया। हम किसी भी हालत में लोहिया अस्पताल को देश एवं प्रदेश स्तर का उच्च स्तरीय अस्पताल बनबाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पार्टी हर संभव प्रयास करेगी ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था के माध्यम से जनपद का नाम देश एवं प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हो। इस दौरान प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, पीयूष राठौर, मो. मेराजुद्दीन, राजेश राठौड़, सोनी दीक्षित, विपिन प्रजापति, विकास अग्निहोत्री, ऋषभ अग्निहोत्री, सत्यप्रकाश तिवारी, जीतू मिश्रा, धीरज त्रिवेदी, ब्रजेश मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, विकास अग्निहोत्री, सर्वेंद्र सिंह, उस्मान खाँ, नफीस हुसैन, शिवम शर्मा, मो. साबिर, दिलीप यादव, अनुज पाल आदि मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

## खबरें एक नजर में

### गले में फंसा 5 रुपये का सिक्का, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बिना चीरे निकाला, बचाई 3 वर्षीय मासूम की जान




**लखीमपुर खीरी।** खेलते-खेलते पांच रुपये का सिक्का निगल जाने से एक तीन वर्षीय मासूम की जान पर बन आई, लेकिन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (सम्बद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर) की चिकित्सकीय टीम ने तत्परता दिखाते हुए बिना किसी चीरे या टांके के सफल एंडोस्कोपी कर सिक्का बाहर निकाल लिया। महज दो घंटे के भीतर पूरी प्रक्रिया पूरी होने से परिजनों ने राहत की सांस ली। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि बच्चा खेलते समय पांच रुपये का सिक्का निगल गया था। ईएनटी विभाग में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा ने तत्काल एक्स-रे करवाया, जिसमें सिक्का भोजन नली (इसोफेगस) के शुरुआती हिस्से में फंसा मिला। स्थिति गंभीर थी और विलंब होने पर बच्चे को सांस संबंधी परेशानी हो सकती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने तत्काल इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू किया और ऑपरेशन थिएटर में बच्चे को प्राथमिकता देते हुए तैयारियां शुरू कर दीं। दोपहर 12:45 बजे असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्वेता वर्मा (निश्चेतक), असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा, स्टाफ नर्स रेखा सैनी एवं अन्य सहयोगी कर्मियों की टीम ने बच्चे को सुरक्षित बेहोश कर एंडोस्कोपी तकनीक के माध्यम से भोजन नली में फंसा सिक्का सफलतापूर्वक निकाल लिया। डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे बच्चे के अस्पताल पहुंचने से लेकर जांच, ऑपरेशन की तैयारी और दोपहर 1 बजे से पहले सिक्का निकालकर परिजनों को सौंपने तक की पूरी प्रक्रिया महज दो घंटे के भीतर पूरी कर ली गई। यह संस्थान की त्वरित चिकित्सा व्यवस्था और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### एक महीने से अधिक समय से ड्यूटी से गायब 7 पुलिसकर्मी निलंबित, एसएसपी ने दिए विभागीय जांच के आदेश


**लखीमपुर खीरी।** पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थानों और शाखाओं में तैनात सात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। ये सभी पुलिसकर्मी एक माह या उससे अधिक समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। एसएसपी ने सभी के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। पुलिस विभाग में कार्य के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने और अनुशासन को मजबूत बनाए रखने के लिए एसएसपी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिले के विभिन्न थानों एवं शाखाओं में तैनात कुछ पुलिसकर्मी लंबे समय से बिना अनुमति ड्यूटी से गैरहाजिर हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया और सात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में थाना पसगवां में तैनात उप निरीक्षक कमला प्रसाद सरोज, थाना ईसानगर के उप निरीक्षक अनिल वर्मा, थाना मोहम्मदी के मुख्य आरक्षी पुरुषोत्तम सिंह, यातायात शाखा के मुख्य आरक्षी संतोष कुमार, थाना हैदराबाद के आरक्षी शीलेंद्र, थाना शारदानगर के आरक्षी आशुतोष रावत तथा साइबर थाना खीरी में तैनात महिला आरक्षी चंचल शामिल हैं। पुलिस विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई विभागीय अनुशासन बनाए रखने तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से की गई है। एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सभी निलंबित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महकमे में हुई इस कार्रवाई के बाद कर्मचारियों में चर्चा का माहौल है। अधिकारियों का कहना है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत



**हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी 28 वर्षीय मोनू कोल बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी 30 वर्षीय सुनील के साथ बाइक से पिपरा बाजार की तरफ से लौट रहा थे की बाइक जैसे ही मुड़पेली गांव में पहुंची की सामने से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंचे एसआई कृष्ण कुमार सिंह व पीआरवी 112 पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना मिली है।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक



**हलिया (मीरजापुर)।** क्षेत्र के कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस)-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### क्रिप्टो निवेश के नाम पर 18 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने महराजगंज में की बड़ी कार्रवाई

**महराजगंज।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को महराजगंज जिले के भिटौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली के एक व्यक्ति से 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दिल्ली में दर्ज एक साइबर फ्रॉड मामले की जांच के दौरान पुलिस को सुराग मिला कि ठगी में शामिल कुछ आरोपी महराजगंज जिले के भिटौली थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में रह रहे हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम महराजगंज पहुंची और स्थानीय भिटौली पुलिस के सहयोग से आरोपी कैफ आलम के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों को क्रिप्टो करेंसी में अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश कराने के लिए प्रेरित करता था। निवेश के नाम पर बड़ी रकम हासिल करने के बाद आरोपित लोगों से संपर्क तोड़ देते थे। इसी तरह दिल्ली के एक व्यक्ति से लगभग 18 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अन्य आरोपितों के संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी, लेकिन वे मौके से फरार मिले। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार, फरार आरोपितों पर पहले भी धोखाधड़ी से जुड़े आरोप लग चुके हैं और उनकी भूमिका की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है और ठगी की कुल रकम कितनी है। साथ ही साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस संबंध में भिटौली थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई में सहयोग किया। आरोपी कैफ आलम को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले की आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई दिल्ली पुलिस द्वारा की जा रही है। क्रिप्टो निवेश के नाम पर बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच यह कार्रवाई लोगों को सतर्क रहने का संदेश भी देती है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन निवेश योजना में धन लगाने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और लालच में आकर अनजान व्यक्तियों या संस्थाओं पर भरोसा न करें।

# 32.13 लाख के भुगतान की जांच में मिलीं गड़बड़ियां

- 5.81 लाख के कार्यों में मिलीं खामियां, संसारपुर सचिव निलंबित
- कार्यकाल समाप्ति से पहले पंचायतों में हुए भुगतान सीडीओ के रडार पर, अनियमित खर्च की होगी रिकवरी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम प्रधानों के कार्यकाल की समाप्ति से ठीक पहले ग्राम पंचायतों में हुए भारी भुगतान अब जांच के घेरे में आ गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने मई माह में किए गए भुगतानों की समीक्षा कराई तो कई ग्राम पंचायतें रडार पर आ गईं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर का निरीक्षण किया, जहां विकास कार्यों और भुगतानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच में पता चला कि मई माह के दौरान संसारपुर ग्राम पंचायत से 32.13 लाख रुपए का भुगतान किया गया। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई कार्य पूर्ण हुए बिना ही उनका भुगतान कर दिया गया। वहीं करीब 5.81 लाख रुपए की लागत से कराए गए मरम्मत कार्यों में भी गंभीर खामियां मिलीं। मौके पर देखे गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई, जिससे खर्च की गई धनराशि पर सवाल खड़े हो गए।

**निर्माण सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे:** सीडीओ ने मौके पर निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र कराकर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिए। उन्होंने तकनीकी टीम गठित कर सभी कार्यों और भुगतानों की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सचिव निलंबित, अनियमित खर्च की होगी वसूली:** भुगतान और कार्यों में प्रथम दृष्टया गड़बड़ी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि जांच में यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या सरकारी धन का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों से रिकवरी कराई जाएगी।

**ग्रांट डोटपुर में विकास कार्य मिले संतोषजनक:** संसारपुर के बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत ग्रांट डोटपुर का भी निरीक्षण किया। यहां विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। हालांकि ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या बताई, जिस पर सीडीओ ने जल निगम के अधिकारियों को तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गांव की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा सरकारी धन के दुरुपयोग और गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गोला नगर पालिका को मिला पूर्णकालिक ईओ, मुकेश कुमार मिश्र ने संभाला कार्यभार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ को लंबे समय बाद पूर्णकालिक अधिशाषी अधिकारी (ईओ) मिल गया है। जनपद उन्नाव की नगर पालिका परिषद गंगाघाट से स्थानांतरित होकर आए मुकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने नगर की प्रमुख समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की समस्या के निस्तारण, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागीय कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की बात भी कही। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने नए अधिशाषी अधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि नगर पालिका को काफी समय बाद पूर्णकालिक ईओ मिला है। इससे लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में नगर की सफाई, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा। नवनियुक्त ईओ ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने तथा नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने की भी योजना है।

## गोला सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का तबादला, लखनऊ में मिली नई तैनाती



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के महानिदेशक कार्यालय द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार उन्हें लखीमपुर खीरी से स्थानांतरित कर लखनऊ में नई तैनाती दी गई है। 31 मई 2026 को जारी आदेश में डॉ. गणेश कुमार का नाम स्थानांतरण सूची में शामिल है। डॉ. गणेश कुमार वर्ष 2021 से सीएचसी गोला में अधीक्षक पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वह जिले के परेली पीएचसी और कुंभी पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. गणेश कुमार मूल रूप से झारखंड के जामताड़ा जनपद के निवासी हैं। उन्होंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त की है और वर्ष 2014 में स्वास्थ्य विभाग की सेवा में नियुक्त हुए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत डॉ. गणेश कुमार को अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अंतर्गत तैनात किया गया है। गोला सीएचसी में अब नए अधीक्षक की तैनाती को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वाटर कूलर में उतरे करंट ने ली 9 वर्षीय मासूम की जान, पानी पीते समय चिपका, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



सिंगाही कस्बे में नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सार्वजनिक वाटर कूलर में करंट उतरने से 9 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मासूम अपने साथी के साथ पानी पीने पहुंचा था। घटना के बाद पूरे कस्बे में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सिंगाही कस्बे के वार्ड संख्या-13 निवासी राजेश का पुत्र ऋतिक उर्फ चन्नी (9) सोमवार को अपने बाबा राजाराम के साथ बाजार में सूप बेचने गया था। इसी दौरान प्यास लगने पर वह अपने साथी अंश वाल्मीकि के साथ मस्जिद के पास नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सार्वजनिक वाटर कूलर पर पानी पीने पहुंचा।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाटर कूलर में पहले से करंट उतर रहा था। जैसे ही ऋतिक ने पानी पीने का प्रयास किया, वह करंट की चपेट में आ गया और कूलर से चिपक गया। यह देख उसके साथी अंश ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े।

स्थानीय लोगों और नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कयूम ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी के डंडे की मदद से बालक को करंट से अलग किया। गंभीर हालत में उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## फिजियोथेरेपी के बहाने बुजुर्ग महिला के सोने के कंगन पर हाथ साफ, नकली कंगन पहनाकर हुए फरार, 3 गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




सदर कोतवाली क्षेत्र के कपूरथला मोहल्ले में फिजियोथेरेपी के बहाने घर पहुंचे दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला का सोने का कंगन चोरी कर उसकी जगह नकली पीतल का कंगन पहना दिया। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों समेत चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर्स को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी किया गया सोने का कंगन भी बरामद कर लिया है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान अभिषेक निवासी ईदगाह और चाहत निवासी गोटैय्याबाग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी फिजियोथेरेपी करने के लिए बुजुर्ग महिला के घर पहुंचे थे। आरोप है कि उपचार के दौरान उन्होंने महिला का सोने का कंगन उतार लिया और उसकी जगह पीतल का नकली कंगन पहना दिया। महिला को इसकी जानकारी अगले दिन हुई, जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी नीता को घटना के बारे में बताया। नीता ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किया गया सोने का कंगन उन्होंने 1.20 लाख रुपए में संकटा देवी रोड स्थित एक ज्वेलर्स को बेच दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कंगन खरीदने वाले केशव गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया। कंगन बरामद, न्यायालय भेजे गए आरोपी पुलिस ने केशव गुप्ता के कब्जे से चोरी का सोने का कंगन बरामद कर लिया। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कैंप का आयोजन, युवाओं ने लिया हिस्सा



**हलिया (मीरजापुर)।** विकास खण्ड हलिया के सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान 2.0 के तहत आयोजित शिविर कैंप में युवाओं की भीड़ उमड़ी। हलिया ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की है। शिविर कैंप आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है।शिविर में अधिकारियों द्वारा युवाओं को 5 लाख रुपये तक के ब्याज रहित ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उद्योग विभाग के कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर 19 आवेदन का ऑनलाइन किया गया है।शेष युवाओं को नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र से कराने का आश्वासन दिया है। कैंप का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। नोडल अधिकारी विजयेश कुमार ने बताया की शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लिए 19 युवाओं के आवेदन को ऑनलाइन किया गया है इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया, सहायक विकास अधिकारी सुशील सिंह, सीएम फेलो गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## सुपरवाइजर्स के गणना कार्यों में तेजी लाने पर दिया गया जोर



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं अपर जिला अधिकारी आदित्य प्रजापति के निर्देशन में तहसील सदर में आने वाले सभी सुपरवाइजर की बैठक संपन्न हुई। उप जिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा ने सुपरवाइजर्स की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी सुपरवाइजर फील्ड में भ्रमण कर प्रगड़क के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें और उनके द्वारा किए गए कार्यों का पोर्टल पर प्रतिदिन सिंक करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तहसीलदार सदर अनिल कुमार ने कहा की फील्ड में जाकर पूरे ईमानदारी एवं कार्य कुशलता से भवन गणना का कार्य संपन्न करे। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार, द्वारा सुपरवाइजर द्वारा जो भी कठिनाइयां बताई गई उसका समाधान करने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कानूनगो तुलसीराम यादव, प्रियंका, कमल, अरविंद चौधरी, सुभाष आदि मौजूद रहे।

## सातवां वेतनमान लटका, सुविधाओं व पेंशन को तरस रहे हैं बुजुर्ग

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**



विभाग के किन्हीं प्रभावशाली अधिकारियों की हठवादिता एवं सुविधाओं के क्रियान्वयन नहीं करने के परिणामस्वरूप विभाग के कर्मचारियों को सुविधाओं का लाभ पाने से वंचित होना पड़ता है और उन्हें इसके लिए दर दर भटकना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला मत्य विभाग के नियंत्रणाधीन 19 जनपदों में संचालित मत्स्य पालक विकास अभिकरण के लगभग सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अधिकारों व सुविधाओं से वंचित होने पर 30-35 वर्ष तक विभागीय सेवा करने के बाद भी उन्हें 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ आज तक नसीब नहीं हो पाया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारियों को ग्रेच्युटी अवकाश नकदीकरण एवं नियमित पेंशन जैसे सेवानिवृत्त लाभ से हाथ धोना पड़ा है। सातवें वेतनमान,पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से वंचित इन बुजुर्ग कर्मियों की आर्थिक स्थिति ऐसी हो गई है की कई परिवार आ गई आर्थिक संकट और भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। यह संकट प्रतापगढ़ में भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समक्ष है। बात जानकारी में आई है कि उत्तर प्रदेश शासन, वित्त(वेतन आयोग) अनुभाग -2 के पत्र संख्या 64/2016 वेश्अश -2645/10-04(एम) दिनांक 16 दिसम्बर 2016 के संकल्प पत्र में अभिकरण कर्मियों को समान वेतनमान का लाभ दिए जाने की संस्तुति की गई थी। इतना ही नहीं 19 जनपदों की गवर्निंग बॉडी द्वारा भी समय समय पर सातवें वेतनमान के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर निदेशालय को भेजा गया था,लेकिन फिर भी मामला निरंतर लंबित बना रहा। सेवानिवृत्त कार्मिको का आरोप है कि तत्कालीन मत्स्य निदेशक एसके सिंह के कार्यकाल में इस मामले में प्रसंगत निर्णय नहीं लिया गया। शासन स्तर पर उक्त मामले में जानकारी मांगे जाने पर निदेशालय द्वारा कार्यालय पत्रांक 1099/स्थापना शा./संविलीन दिनांक 21 मई 2020 जारी कर 19 जनपदों में कार्यरत विभागों में सेवारत कर्मचारियों को सातवां वेतनमान लागू होने पर आने वाले व्यय भार की जानकारी मांगे जाने के बावजूद व्यय भार की जानकारी नहीं दी गई। सूत्रों के अनुसार वित्त अनुभाग और वित्त नियंत्रक स्तर पर आवश्यक प्रकिया पूरी कर ली गई है। अन्य चाही गई जानकारी को देने में विभागीय हीलाहवाली एवं मामले को लटकाये रहने से इस संबंध में निर्णय खटाई में लटका है। बहरहाल सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कई वर्षों से लंबित मामले के साथ सौ से अधिक परिवारों को सातवें वेतनमान, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों को पाने का इंतजार है।

## कस्बों में वाहन चेकिंग के खिलाफ व्यापारियों का आक्रोश, एसपी और प्रशासन से की कार्रवाई में बदलाव की मांग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले के विभिन्न कस्बों और प्रमुख बाजारों में लगातार चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान तथा बढ़ते चालानों के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव से अवगत कराया। जिला प्रभारी अजय राज कसौधन एवं जिलाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजारों और दुकानों के सामने बार-बार वाहन जांच अभियान चलाए जाने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है और बाजारों की रौनक लगातार कम होती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार चालान की कार्रवाई के कारण आम लोगों में भय का माहौल बन गया है, जिससे लोग बाजार आने से भी कतरा रहे हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि वे यातायात नियमों के पालन के पक्षधर हैं, लेकिन बाजारों के बीच वाहन चेकिंग अभियान चलाने के बजाय इसे नगर पालिका सीमा के बाहर अथवा अन्य उपयुक्त स्थानों पर संचालित किया जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। उन्होंने प्रशासन से व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित एवं व्यावहारिक व्यवस्था लागू करने की मांग की। इस दौरान रघुनाथ गुप्त, मृत्युंजय धामिया, संजय पांडेय, सदरे आलम, गुड्डू तिवारी, अभय श्रीवास्तव, हरिद्वार गुप्त, राहुल जायसवाल और दिलीप कसौधन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। उधर, नौतनवा कस्बे के व्यापारियों ने भी वाहन चेकिंग अभियान को लेकर नाराजगी जताई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष संतोष जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नवीन प्रसाद को जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कस्बे के प्रमुख चौक-चौराहों पर चल रही बाइक चेकिंग के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विंध्याचल अग्रहरि, गौतम जोशी, रवि मद्धेशिया सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे।

## पॉक्सो एक्ट के फरार आरोपी को परसामलिक पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**महराजगंज।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत परसामलिक थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे 19 वर्षीय अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध और महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परसामलिक थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना और सक्रिय प्रयासों के आधार पर बैकुण्ठपुर टोला गंगापुर निवासी मुकेश साहनी पुत्र फुलचन्द को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना परसामलिक में मुकदमा संख्या 49/2026 दर्ज है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 352, 351(3), 64 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने किया। उनके साथ उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, कांस्टेबल अंगद सिंह, कांस्टेबल अंगद यादव तथा रिटायर्ड कांस्टेबल सुनील मौर्य की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को दबोच लिया।